30 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 310

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

जी-20 सम्मेलन के दौरान लंगूर की आवाज निकालने वाले गार्ड होंगे तैनात






## न्यूज रील्स

### जम्मू कश्मीर को यूनियन टेरिटरी बनाने का फैसला अस्थायी : केंद्र सरकार

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को खत्म करने के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को 12वें दिन की सुनवाई जारी रही। इस दौरान केंद्र ने कोर्ट को बताया कि जम्मू-कश्मीर को दो अलग यूनियन टेरिटरी (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांटने का कदम अस्थायी है। लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश ही रहेगा, लेकिन जम्मू-कश्मीर को जल्द फिर से राज्य बना दिया जायेगा। कोर्ट ने राज्य का दर्जा देने के लिए क्या समय सीमा सोच रखी है, इसकी जानकारी मांगी है।

### नागपुर यूनिवर्सिटी में जनसंघ-भाजपा का इतिहास पढ़ाया जायेगा

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर स्थित राष्ट्रसंत तुकोजी महाराज यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स को जनसंघ, भाजपा और राम जन्मभूमि का इतिहास पढ़ाया जायेगा। सिलेबस से कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस का इतिहास हटा दिया गया है। नागपुर यूनिवर्सिटी के अभ्यास मंडल कमेटी ने बहुमत से यह फैसला लिया गया है।

### अनिल एंटनी बने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता

नयी दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी है।

### चार साल से जेल में बंद सांसद अतुल राय को जमानत

लखनऊ। उत्तरप्रदेश के घोसी लोकसभा सीट से बसपा के सांसद अतुल राय को मंगलवार को इलाहाबाद हाइकोर्ट से राहत मिल गयी है। अतुल राय ने बसपा-सपा उम्मीदवार के तौर पर 2019 के लोकसभा चुनाव में घोसी सीट से जीत दर्ज की थी। अतुल राय के खिलाफ वाराणसी के लंका थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज था। उसने 22 जून 2021 को वाराणसी कोर्ट में सरेंडर किया था।

### राहुल गांधी अगले माह यूरोप दौरे पर

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले महीने सितंबर में यूरोप के दौरे पर जा रहे हैं। इसके बाद वह पेरिस जायेंगे, जहां राहुल एक विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करेंगे। कांग्रेस नेता बेल्जियम में यूरोपीय आयोग के सांसदों से भी मिल सकते हैं।

### मणिपुर विस का विशेष सत्र बिना चर्चा के स्थगित

इंफाल। मणिपुर में राज्य सरकार की मांग पर मंगलवार को विधानसभा का एक दिन का सत्र होना था। इसमें राज्य में शांति बहाली को लेकर चर्चा की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। कांग्रेस विधायकों के हंगामे के चलते ये सत्र स्थगित हुआ।

## प्रधानमंत्री ने राखी-ओणम पर जनता को दिया तोहफा

# रसोई गैस 200 रुपये सस्ता, उज्ज्वला के लाभार्थियों को 400 रुपये की छूट

- केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी, 75 लाख नये मुफ्त गैस कनेक्शन देने का का भी फैसला
- झारखंड में कीमत 960.50 रुपये होगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) पर 200 रुपये की सब्सिडी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार ने महंगाई की मार झेल रही जनता को राहत देने के लिए रक्षाबंधन और ओणम पर बड़ा एलान किया है। गैस सिलेंडर की कीमतों में सभी उपभोक्ताओं को 200 रुपये तक की सब्सिडी दी जायेगी। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को पहले से मिल रही 200 रुपये की सब्सिडी के अतिरिक्त अलग से 200 रुपये की सब्सिडी दी जायेगी। यानी उन्हें एक गैस सिलेंडर पर 400 रुपये की छूट मिलेगी। झारखंड में अब रसोई गैस की कीमत 1160.50 रुपये की जगह 960.50 रुपये होगी।

कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सरकार के फैसले से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार ने आम उपभोक्ता को 200 रुपये की सब्सिडी और उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं को 400 रुपये सब्सिडी देने का फैसला किया है। इसके अलावा 75 लाख महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन भी दिया जायेगा। उन्हें पाइप और चूल्हा भी मुफ्त में दिये जायेंगे। गैस की कीमत घटाने से देश के 33 करोड़ उपभोक्ताओं को इसका फायदा मिलेगा। इस फैसले से सरकार पर वित्त वर्ष 2023-24 में 7,680 करोड़ का बोझ आयेगा।

### मेरी हर बहन खुश और स्वस्थ रहे: मोदी



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती के एलान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि रक्षाबंधन का पर्व अपने परिवार में खुशियां बढ़ाने का दिन होता है। गैस की कीमतों में कटौती होने से मेरे परिवार की बहनों की सहूलियत बढ़ेगी। उनका जीवन और आसान होगा। मेरी हर बहन खुश रहे, स्वस्थ रहे, सुखी रहे, ईश्वर से यही कामना है।

# झारखंड में लोग अमन-चैन से रह रहे हैं : हेमंत सोरेन

- 27 प्रतिशत आरक्षण और 1932 आधारित स्थानीय नीति को लागू करने में विपक्ष लगा रहा अड़ंगा



बंटी मिश्र

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि 2019 में झामुमो के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद झारखंड में लोग अमन-चैन से रह रहे हैं। मंगलवार को डुमरी विधानसभा क्षेत्र के तहत नागाबाद में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में चुनावी सभा में उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने और 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करना चाहती है, लेकिन विपक्ष अड़ंगा लगा देता है। अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए सीएम ने कहा कि राज्य की बेटियों की पढ़ाई का सारा खर्च सरकार उठा रही है। बेटियों को चाहे इंजीनियर बनना हो या फिर डॉक्टर, पैसा उनकी पढ़ाई में रुकावट नहीं बनेगी। राज्य सरकार हर साल 50 बच्चों को पढ़ने के लिए विदेश भेज रही है। सीएम ने कहा कि एनडीए के लोग एक तरफ महंगाई को आसमान पर ले जाते हैं और दूसरी तरफ चूल्हा प्रमुख बना कर बहकाने की कोशिश करते हैं। लिफाफा देकर सिर्फ आपके वोट का बिखराव करने की कोशिश में लगे हुए हैं, मगर इनकी चाल कामयाब नहीं होगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने जगरनाथ दा की पत्नी को मंत्री बना कर अपना कर्तव्य पूरा कर दिया है और अब मतदाताओं की बारी है। इसलिए डुमरी विधानसभा क्षेत्र का एक-एक मतदाता बेबी देवी को वोट देकर दिवंगत जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विपक्ष को चोट दे। उन्होंने कहा कि विशेषकर माताओं-बहनों से मैं आग्रह करता हूं कि भाजपा-आजसू के झांसे में न आयें। हेमंत ने कहा कि सबने देखा, कोरोना काल में जगरनाथ दा ने लोगों की कितनी सेवा की। लोगों की सेवा करते-करते वह कुर्बान हो गये। कोरोना के कारण हमने अपने दो मंत्रियों को खोया। पूर्व की सरकार में लोग हाथों में राशन कार्ड लेकर भात-भात कहते हुए मरने को मजबूर होते थे, मगर कोरोना के समय में हमने किसी को भूखा नहीं रहने दिया। चुनावी सभा को मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोगता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, बेबी देवी, विधायक इरफान अंसारी, डॉ सरफराज अहमद, बिनोद सिंह, सुदिव्य कुमार सोनू, जयमंगल सिंह, पूर्व विधायक लालचंद महतो ने संबोधित किया।

# पलामू में भीषण सड़क हादसा चार लोगों की मौत, 12 घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** पलामू में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी और 12 लोग से ज्यादा घायल हैं। घायलों का इलाज एमएमसीएच में चल रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस घटना पर अपनी संवेदना प्रकट की है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम देख कर लौट रहे थे लोग :** सांस्कृतिक कार्यक्रम देख कर लौट रहे डेढ़ दर्जन लोगों को कार ने रौंद दिया, जिसमें चार लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी है। घायलों को इलाज के लिए एमएमसीएच में लाया गया, जहां कई लोगों की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

**ग्रामीणों को रौंद कर फरार हो गया ड्राइवर :** घटना मेदिनीनगर-गढ़वा मुख्य मार्ग पर चैनपुर थानांतर्गत बराव गांव के पास हुई। घटना सोमवार की देर रात हुई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गयी। कार चालक ग्रामीणों को रौंदते हुए गाड़ी लेकर भागने लगा। करीब एक किलोमीटर बाद वह गाड़ी को छोड़ कर फरार हो गया। चैनपुर थाना पुलिस गाड़ी को जब्त कर चालक का पता लगाने में जुटी है।

**कई लोग गंभीर रूप से घायल :** इस घटना में जिन चार लोगों की मौत हुई है, उनमें नरसिंहपुर पथरा निवासी उदल प्रसाद चौरसिया, रोहित कुमार चौरसिया और मधु मेहता शामिल हैं। इनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। एक व्यक्ति के नाम का अबतक पता नहीं चल सका है। अंतिम सोमवारी पर बरांव टोला के चढ़नवा में पहाड़ी बाबा के पास मेला का आयोजन किया गया था। रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित था। बड़ी संख्या में ग्रामीण सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने पैदल ही जा रहे थे। इसी दौरान गढ़वा की ओर से तेज रफ्तार कार मेदिनीनगर की ओर आ रही थी। चालक का नियंत्रण कार पर नहीं रहा और सड़क किनारे चल रहे ग्रामीणों को अपने चपेट में ले लिया।

### सीएम ने जताया शोक कार्रवाई का आदेश



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर घटना के संबंध मे लिखा कि पलामू के चैनपुर क्षेत्र में बरांव के पास तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से चार लोगों की मृत्यु और अन्य के घायल होने की दु:खद खबर मिली है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह घड़ी सहन करने की शक्ति दे। जिला प्रशासन द्वारा घायलों को इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सूचित करें।

# नरेंद्र मोदी की नरेटी पर चढ़ने जा रहे हैं: लालू

आइएनडीआइए की बैठक के लिए मुंबई रवाना हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मंगलवार को आइएनडीआइए की बैठक में शामिल होने के लिए तेजस्वी यादव के साथ मुंबई रवाना हुए। एयरपोर्ट पर पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि आप मुंबई जा रहे हैं। इस पर लालू ने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी की नरेटी यानी गर्दन पर चढ़ने जा रहा हूं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को मुंबई जायेंगे। गौरतलब है कि आइएनडीआइए के गठबंधन दलों की तीसरी बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में हो रही है। गठबंधन दलों के नेता 30 अगस्त से मुंबई पहुंचने लगेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मुंबई में डॉक्टरों से मिलेंगे और स्वास्थ्य जांच करायेंगे। इसलिए वह पहले ही मुंबई के लिए रवाना हो गये हैं।

### मुंबई एनडीए यूनिट ने भी 1 सिंतबर को बुलायी बैठक

मुंबई (आजाद सिपाही)। आइएनडीआइए की बैठक के बीच ही एनडीए की महाराष्ट्र यूनिट ने भी इसी दिन यानी 1 सितंबर को बैठक की घोषणा की है। हालांकि इसमें महाराष्ट्र सरकार में शामिल एकनाथ शिंदे गुट शिवसेना, भाजपा और अजित पवार का एनसीपी गुट ही शामिल होगा। एनसीपी में फूट के बाद एक तरफ जहां शरद पवार विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे, वहीं उनके भतीजे और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का गुट सत्ता पक्ष के साथ बैठक करेगा।

# इडी की जांच से भागनेवाले हेमंत सोरेन बाबूलाल मरांडी पर लगा रहे अनर्गल आरोप : लक्ष्मीकांत

- हेमंत सरकार में हिम्मत है और आरोप में दम है, तो जितनी भी जांच एजेंसियां हैं, उनसे जांच करायें और दोषियों को सजा दे



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने मंगलवार को राज्य के सत्ता पक्ष द्वारा बाबूलाल मरांडी पर लगाये गये आरोप को लेकर हेमंत सरकार पर हमला बोला। श्री वाजपेयी ने इसरी में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि खुद इडी की जांच से भागनेवाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बाबूलाल मरांडी पर बेतुका, अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल भ्रम फैला कर जनता को दिग्भ्रमित किया जा रहा। हेमंत सरकार में हिम्मत है और आरोप में दम है, तो उनके पास जितनी जांच एजेंसियां हैं, उससे जांच करायें और दोषियों को सजा दें। उन्हें ऐसा करने से कौन रोक रहा है? बाबूलाल मरांडी भागनेवाले नेता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट भी कहेगा कि जाकर इडी के सवालों का जवाब दें। साथ ही कहा कि दरअसल, हेमंत सरकार बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को मिल रहे व्यापक जन समर्थन से घबरा गयी है। संथाल परगना की जनता ने लाखों की संख्या में यात्रा में शामिल होकर सरकार की नींद हराम कर दी है। इसलिए सत्ता पक्ष बौखलाया है और मरांडी पर आरोप लगा रहा है। हेमंत सरकार में पिछले साढ़े तीन वर्षों में केवल राज्य के खान, खनिज, बालू, पत्थर, जमीन को लूट हुई है। भ्रष्टाचार की यह कहानी अब गांव-गांव तक पहुंच चुकी है। श्री वाजपेयी ने कहा कि हेमंत सरकार ने अपने एक भी वायदे को पूरा नहीं किया। उल्टे पिछली रघुवर सरकार की कल्याणकारी योजनाएं एक रुपये में महिलाओं के नाम रजिस्ट्री, मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना में प्रतिवर्ष 25 हजार रुपये किसानों के खाते में भेजना जैसी योजनाओं को बंद कर दिया। डबल सिलिंडर, गैस चूल्हा योजना भी बंद। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हो रहा। पुलिस अधिकारी अपराधियों, भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रहे हैं। ऐसी विकास विरोधी राज्य सरकार को प्रदेश की जनता समझ चुकी है। इस सरकार को उपचुनाव में जनता करारा जवाब देगी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,100 रु./10 ग्राम
चांदी 78,000 रु./प्रति किलो



## जिंदगी खुशी से जीना भी सफलता का प्रमाण होता है, यह बात अभिभावकों के पल्ले क्यों नहीं पड़ती

# 'सुसाइड फैक्ट्री' के रूप में बदल रहा है 'एजुकेशन हब' कोटा

## ■ आखिर क्यों मौत को गले लगा रहे हैं देश के प्रतिभाशाली विद्यार्थी

## ■ अभिभावकों की महत्वाकांक्षा का दबाव अब पड़ने लगा है भारी

**आजाद सिपाही विशेष**

आज के मौजूदा युग में बच्चों की जिंदगी एक रेस में उलझ गयी है। वह रेस एक ऐसी प्रतियोगिता की है, जहां उसके कंधों पर माता-पिता के अरमानों के साथ रिलेटिव्स के तानों का बोझ भी है। साथ ही पड़ोसवाले अंकल के बच्चों से ज्यादा मार्क्स भी इस प्रतियोगिता का हिस्सा हैं। अगर इन सबसे बच गये तो अपने उलझे हुए सपनों से पार पाना भी एक प्रतियोगिता ही है। अपने लक्ष्य का चयन करते-करते कुछ बच्चे आज अपनी जिंदगी का त्याग कर मौत का चयन कर रहे हैं। यह तब होता है, जब वे अपने अभिभावकों के अधूरे ख्वाब या उनके नये अरमानों को पूरा करने में अक्षम होते हैं। लेकिन यह अभिभावकों को ही समझना होगा कि उनका बच्चा असल में चाहता क्या है। अगर उनका बच्चा एक्सपेक्टेशन पर खरा नहीं उतर पाता, तो यह अभिभावकों को ही समझाना है कि ठीक है कोई बात नहीं। बहुत कुछ है जिंदगी में करने के लिए। जिंदगी खुशी से जीना भी सफलता का प्रमाण होता है। और सच में सफल वही है, जो अपनी जिंदगी को खुश होकर जी रहा है। सुखी होकर जी रहा है। राजस्थान का कोटा शहर, जिसकी पहचान भारत में 'एजुकेशन हब' के रूप में होती है, धीरे-धीरे 'सुसाइड फैक्ट्री' बनता जा रहा है। इस शहर में देश के कोने-कोने से बच्चे अपनी आंखों में डॉक्टर-इंजीनियर बनने के सपनों को लेकर आते हैं। मगर बीते कुछ समय से ये सपने चहारदीवारी में दम तोड़ रहे हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि इस साल जनवरी से अब तक दो दर्जन छात्रों ने यहां आकर मौत को गले लगा लिया। दो दिन पहले महज सात घंटे के अंतराल पर दो छात्रों की आत्महत्या के बाद अब यह सवाल उठने लगे हैं कि आखिर कोटा में रह कर पढ़नेवाले छात्र ऐसे कदम क्यों उठा रहे हैं। सवाल तो यह भी पूछा जाने लगा है कि क्या इन बच्चों पर उनके अभिभावकों की अति महत्वाकांक्षा अब भारी पड़ने लगी है। छात्रों के बीच आत्महत्या की इस बढ़ती प्रवृत्ति ने पूरे देश को चिंता में डाल दिया है। कोटा की पहचान कोचिंग हब में स्थापित तो हुई, लेकिन यहां बच्चों की काउंसिलिंग की पुख्ता व्यवस्था नहीं की गयी है। यह एक ऐसी खामी है, जिसकी कीमत प्रतिभाओं की मौत से चुकानी पड़ रही है। लेकिन आज ग्लोबल हो चुकी इस दुनिया में एक महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि आखिर अब बच्चों को कोटा क्यों भेजा जाये, जब अपने ही शहर में अच्छे और विश्वस्तरीय कोचिंग संस्थान उपलब्ध हैं। इतना ही नहीं, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थानों से ऑनलाइन कोचिंग की भी सुविधा उपलब्ध है, तो फिर बच्चों को अकेले घर से दूर प्रतियोगिता के दबाव की भट्ठी में झोंकना कहां तक उचित कहा जा सकता है। कोटा में दो छात्रों की आत्महत्या के बाद पूरी स्थिति का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

राजस्थान का कोटा शहर, जिसे आज 'एजुकेशन हब' के रूप में जाना जाता है, अब तेजी से 'सुसाइड फैक्ट्री' के रूप में बदलता जा रहा है, क्योंकि यहां पढ़ने आये छात्रों में से दो दर्जन बच्चों ने इस साल खुदकुशी कर ली। पिछले साल यहां आत्महत्या के 15 मामले सामने आये थे। पिछले साल की तुलना में इस साल आत्महत्या के मामले में और इजाफा हो गया है। अब सवाल उठता है कि आखिर ऐसी क्या वजह है कि कोटा में पढ़नेवाले छात्र ऐसे कदम उठा रहे हैं। इसके साथ ही जेहन में एक ही सवाल बार-बार उठता है कि आखिर बच्चों पर प्रेशर बनाता कौन है। कोचिंग इंस्टीट्यूट की तरफ से पढ़ाई का दबाव रहता है या फैमिली प्रेशर से छात्र कुछ ऐसा कर गुजरते हैं। या फिर मनचाहा परीक्षा परिणाम नहीं मिलने पर छात्र इस कदर दवाब में आ जाते हैं कि सुसाइड जैसे कदम उठा लेते हैं। कुछ छात्र तो अपने सपनों को पूरा करने के लिए इतने प्रेशर में आ जाते हैं कि रिजल्ट आने से पहले ही ऐसा कदम उठा लेते हैं। प्रशासन से लेकर कोचिंग इंस्टीट्यूट के संचालकों तक किसी के पास इसका जवाब नहीं है कि आखिरकार यहां सुसाइड के मामलों में लगातार इजाफा क्यों हो रहा है। छात्रों द्वारा अगर लगातार ऐसे कदम उठाये जा रहे हैं, तो मनोवैज्ञानिक काउंसिलिंग क्यों नहीं करायी जा रही है। इस संबंध में कोचिंग संस्थान और प्रशासन की तरफ से कोई पहल क्यों नहीं की जा रही है।

### क्या है तनाव का कारण

कोटा के कोचिंग संस्थानों में जो छात्र पढ़ने के लिए आते हैं, वे अच्छे–खासे मानसिक तनाव में जीवन बसर करते हैं और तनाव जब हद से गुजर जाता है, तो वे बिना सोचे-विचारे मौत को गले लगा लेना ही बेहतर समझते हैं। रविवार को कोटा में एक ही दिन में खुदकुशी के दो मामले सामने आने के बाद पूरे देश में चिंता की लहर दौड़ गयी है। आखिर इन छात्रों ने खुदकुशी क्यों कर ली, इसका जवाब किसी के पास भी नहीं था। न तो उन पड़ोसियों के पास, जो इस उस पीजी के करीब रहते थे, जिसमें दो छात्रों ने आत्महत्या की, न ही उन छात्रों के पास, जो खुदकुशी करनेवालों के पीजी में रहते थे या उनके दोस्त थे। किसी के पास कोई सुराग नहीं था, जो ये बताता कि आखिर ऐसा हुआ तो हुआ क्यों। प्रशासन पढ़ाई या पारिवारिक समस्या के कारण पैदा हुए तनाव को आत्महत्या का कारण मानता है, लेकिन यह अधूरा सच है।

आत्महत्या के कारणों की तह में जाने से पहले यह जान लेना बेहतर होगा कि कोटा में कोचिंग क्लास और छात्रों के बीच किस तरह का रिश्ता है। इस शहर में हर राज्य के छात्र ज्यादा तादाद में कोचिंग पढ़ने आते हैं। एक अनुमान के तहत करीब ढाई लाख छात्र कोटा में रहते हैं। इनमें से अधिकांश यूपी और बिहार से हैं। कोटा शहर में करीब-करीब सात से आठ नामी कोचिंग सेंटर हैं। इनके अलावा बहुत से कोचिंग सेंटर हैं, जो शहर में कुकुरमुत्तों की तरह खुले हुए हैं। अब बात करते हैं शहर में छात्रों के रहने की व्यवस्था क्या है, तो बता दें कि करीब साढ़े तीन हजार हॉस्टल और पीजी हैं, जिनमें ये छात्र रहते हैं। अब बात करते हैं छात्रों की खुदकुशी की। छात्रों की खुदकुशी की जो खबरें लगातार सामने आती रही हैं, उसके पीछे का सच क्या है? बेशक पहली नजर में सबसे बड़ा कारण और अधिकतर हादसों में पढ़ाई का तनाव ही एकमात्र कारण हो सकता है, लेकिन क्या इसके लिए छात्र ही जिम्मेदार हैं। यकीनन नहीं, इसके लिए अकेले केवल छात्र ही जिम्मेदार नहीं हैं इसके इतर भी उनकी खुदकुशी के अनेक कारण हैं। कोटा में साल 2011 से अब तक कोचिंग क्लास में पढ़नेवाले डेढ़ सौ छात्रों ने आत्महत्या की है। प्रशासन के मुताबिक 2017 में एक महीने में 24 छात्रों ने खुदकुशी की थी। इस पर खूब हंगामा हुआ था।

मुंबई के टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि जो छात्र कोचिंग में अध्ययनरत हैं, उनकी खुदकुशी का एक नहीं, बल्कि अनेक कारण हैं। यह बात किसी से छुपी नहीं है कि कोचिंग संस्थानों की आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते कोचिंग मालिक छात्रों की सुविधाओं को दरकिनार कर बस अपना व्यावसायिक लाभ देखते हैं। हॉस्टल और पीजी का वातावरण भी ऐसा नहीं होता है, जो एक छात्र के अनुसार होना चाहिए। इसके अलावा भी कोचिंग के विज्ञापनों में जो लोभ दिखाया जाता है, वह भी छात्रों के लिए मानसिक परेशानी का सबब बनते हैं। इस तरह के प्रलोभनों को लेकर न तो स्थानीय प्रशासन कोचिंग माफियाओं पर दबाव डालता है और न ही कोई अन्य उनकी कारस्तानी को सामने लाता है। छात्रों के बीच भी स्टडी ग्रुप का अच्छा खासा प्रेशर रहता है। बच्चे अपना सब कुछ दांव पर लगा कर कोचिंगों में पढ़ने को जाते हैं, ऊपर से परिजनों का भी दबाव रहता है। नीट और जेइइ की पढ़ाई का तो कुछ ज्यादा ही प्रेशर रहता है। कोचिंग संस्थान अपना परिणाम बेहतर साबित करने के लिए पढ़ाई में तेज बच्चों पर ज्यादा फोकस करते हैं, जबकि दूसरे कमजोर बच्चे उनकी वरीयता में ही नहीं होते। तेज और कमजोर बच्चों के बीच ये भी एक तनाव का कारण होता है। इसके अलावा कोचिंग संस्थानों के क्लास टाइमिंग और शेड्यूल भी एक बड़ा फैक्टर है।





### इस साल 24 सुसाइड, ज्यादातर स्टूडेंट्स कुछ महीने पहले ही कोटा आये थे

कोटा में जनवरी से 10 अगस्त तक सुसाइड के 20 मामले सामने आये हैं। इनमें 13 स्टूडेंट्स को कोटा आये हुए दो-तीन महीने से लेकर एक साल से भी कम समय हुआ था। सात स्टूडेंट्स ने तो डेढ़ महीने से लेकर पांच महीने पहले ही कोचिंग इंस्टीट्यूट में एडमिशन लिया था। इनके अलावा दो मामले सुसाइड की कोशिश के भी सामने आ चुके हैं।

- जनवरी: अली राजा ने सुसाइड किया। इसे कोटा आये पांच महीने ही हुए थे।
- 8 फरवरी: बाड़मेर की कृष्णा और उत्तरप्रदेश के धनेश कुमार ने फांसी लगायी।
- 12 जून: महाराष्ट्र के 17 साल के भार्गव केशव ने कमरे में फांसी लगा ली। दो महीने तक कोटा में रहा। जेइइ की तैयारी कर रहा था।
- 27 जून: उदयपुर के सलूंबर के रहनेवाले मेहुल वैष्णव (18) ने हॉस्टल में फांसी लगायी थी। नीट की कोचिंग कर रहा था।
- 7 जुलाई: यूपी के रामपुर के बहादुर सिंह (17) ने फांसी लगा कर सुसाइड किया।
- 3 अगस्त: नीट की तैयारी कर रहे यूपी के छात्र मनजोत ने सुसाइड किया था।
- 4 अगस्त: बिहार के चंपारण के भार्गव मिश्रा ने सुसाइड किया था। जेइइ की तैयारी के लिए आया था।
- 10 अगस्त: यूपी के आजमगढ़ के रहनेवाले मनीष प्रजापति (17) ने हॉस्टल में फंदा लगा कर सुसाइड कर लिया। मनीष छह महीने पहले ही कोटा आया था और जेइइ की तैयारी कर रहा था।
- 16 अगस्त: बिहार का रहनेवाला वाल्मीकि प्रसाद जांगिड़ (18) जुलाई 2022 में कोटा आया था। स्टूडेंट ने कमरे की खिड़की से लटक कर सुसाइड किया था।
- 28 अगस्त: बिहार के रहनेवाले आदर्श और महाराष्ट्र के स्टूडेंट अविष्कार संभाजी ने सुसाइड कर लिया।

### एकाकी जीवन जीते हैं बच्चे

इसके अलावा, अभिभावक बच्चे को हॉस्टल छोड़ने के बाद छह महीने से एक साल तक मिलने नहीं आते हैं। इस कारण छात्र खुद को परिवार से कटा महसूस करते हैं। परिवार से दूर रहने और दूसरी तरफ अभिभावकों की ये बेरुखी भी छात्रों को अंदर ही अंदर कमजोर करती है। मानसिक रूप से तोड़ती है। कुल मिला कर कोचिंग संस्थानों में जो छात्र पढ़ने के लिए आते हैं, वे अच्छे-खासे मानसिक तनाव में जीवन बसर करते हैं और तनाव जब हद से गुजर जाता है, तो बिना सोचे-विचारे मौत को गले लगा लेना ही बेहतर समझते हैं। इन तमाम परिस्थितियों में अब यह सोचने की जरूरत है कि जब अपने शहर में ही कोचिंग की बेहतरीन व्यवस्था उपलब्ध है, तो फिर बच्चों को अकेले रहने के लिए मजबूर क्यों किया जाये। इतना ही नहीं, उन पर पढ़ाई के लिए दबाव बनाना भी खतरनाक होता जा रहा है। लेकिन छात्रों द्वारा मौत को गले लगाने का यह दुखद सिलसिला कहां जाकर रुकेगा, फिलहाल इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

# एनआइए की रिमांड पर टेरर फंडिंग का मुख्य आरोपी भीखन गंझू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** टेरर फंडिंग मामले में एनआइए ब्रांच रांची, भीखन गंझू को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। एनआइए ने भीखन गंझू को पांच दिन की रिमांड पर लिया है और पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान टीपीसी संगठन को लेवी देनेवाले कंपनियों और लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि रांची पुलिस ने बीते 16 मार्च 2022 को उसे गिरफ्तार किया था।

चतरा जिला के पिपरवार थाना क्षेत्र में रहनेवाला टीपीसी उग्रवादी भीखन गंझू एनआइए की रडार पर था। एनआइए ने भीखन गंझू पर टेरर फंडिंग के मामले में (कांड संख्या आरसी 05/2019/ और आरसी 06/2018) केस दर्ज किया है। बता दें कि मगध आमप्राली कोल परियोजना में टेरर फंडिंग, उग्रवादी परमेश्वर गंझू के यहां से लेवी राशि की बरामदगी और पूर्णिया आर्म्स रैकेट केस में एनआइए को भीखन की तलाश थी।

### सैनिक, रेड्डी, आधुनिक कंपनियां संगठन को देती रही हैं लेवी

टीपीसी के जोनल कमांडर भीखन गंझू ने पुलिस को दिये बयान में उन लोगों और कंपनियों के नाम का खुलासा किया था, जो संगठन को लेवी देते हैं। साथ ही भीखन ने पुलिस को यह भी जानकारी दी है कि संगठन का कौन-कौन आदमी लेवी वसूलता है। लेवी की वसूली चतरा के टंडवा, पिपरवार और रांची के खलारी इलाके से की जाती है। संगठन को प्रति माह करोड़ों रुपये लेवी के रूप में मिलते हैं। अपनी स्वीकारोक्ति बयान में भीखन गंझू ने पुलिस को बताया था कि कोयला का कारोबार करनेवाली सैनिक कंपनी का मंगल सिंह संगठन को लेवी देता है। इसी तरह रेड्डी कंपनी का शिवा रेड्डी लेवी की रकम संगठन को उपलब्ध कराता है. खलारी निवासी शंकर यादव और लातेहार के बालूमाथ के रहनेवाले दिलेश्वर खान भी संगठन को लेवी पहुंचाते हैं।

**टीपीसी को लेवी देनेवाली कंपनियों और लोगों के बारे में जारी है पूछताछ**

### क्या है पूरा मामला

चतरा के टंडवा थाने में दर्ज प्राथमिकी 22/18 को एनआइए ने टेकओवर करते हुए जांच शुरू की थी। यह मामला सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी और शांति समिति के बीच समन्वय को लेकर लेवी वसूली से संबंधित है। एनआइए ने सीसीएल कर्मी सुभान खान सहित 14 आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में लिखा था कि टीएसपीसी को लेवी देने के लिए ऊंची दर पर मगध और आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला ढुलाई का ठेका लिया गया था। इसमें टीएसपीसी उग्रवादी आक्रमण जी ने अनुशंसा की थी और ट्रांसपोर्टर सुधांशु रंजन उर्फ छोटू सिंह को ठेका मिला था। इसमें मिली राशि का बड़ा हिस्सा टीपीसी को जाता था।

# पत्थरबाजी करने और डेली मार्केट के पास फायरिंग करनेवाले का पता नहीं कर पायी पुलिस

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची पुलिस ने रांची हिंसा से जुड़े कांड संख्या 22/2022 में कोर्ट के समक्ष अंतिम प्रपत्र दाखिल कर दिया है। पुलिस ने अपने अंतिम प्रपत्र में साक्ष्य की कमी बतायी है। इस केस के अनुसंधानकर्ता ने प्राथमिकी को सत्य बताया है। लेकिन उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि आरोपियों के खिलाफ फिलहाल कोई साक्ष्य नहीं मिला है। अगर भविष्य में कोई सुराग मिलेगा तो इस केस की जांच दोबारा शुरू की जायेगी। इस पूरी बात की जानकारी केस के सूचक (केस करने वाले) को भी दे दी गयी है। बता दें कि रांची हिंसा मामला डेली मार्केट थाना का है। हिंसा के बाद डेली मार्केट थाना में कांड संख्या 22/2022 दर्ज किया गया था।

**उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(खनन शाखा)**

**आदेश**

पतरातु प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय परिसर में भण्डारित लघु खनिज बालू का आम नीलामी हेतु सूचना।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पतरातु प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय परिसर में भण्डारित 6160 (छः हजार एक सौ साठ) घन फीट लघु खनिज बालू का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधित) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत उक्त स्थल पर जब्त भण्डारित बालू खनिज का आम नीलामी दिनांक 05.09.2023 को समय 4:00 बजे अपराह्न में अपर समाहर्ता, रामगढ़ की अध्यक्षता में जिला समाहरण के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। भण्डारण का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त निम्नवत् है–

| क्र0 | भण्डारण स्थल | भण्डारित बालू की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पतरातु प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय परिसर | लगभग 6160 घन फीट | बालू खनिज का बिक्री मूल्य– प्रति 1 (एक) cft @ Rs. 7.50 की दर से = 6160 x 7.50 = 46200.00 रू0 (छियालीस हजार दो सौ रूपया) | 4620.00 रू0 (चार हजार छः सौ बीस रूपया) |

2. नीलामी में भाग लेनेवाले व्यक्ति/संस्था भारत के नागरिक होंगे तथा उनके पक्ष में रामगढ़ जिलान्तर्गत कोई निर्माण/विकास कार्य आवंटित/रामगढ़ जिलान्तर्गत खनिज अनुज्ञप्तिधारी हो।
3. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिये नीलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा। सफल डाकवक्ता (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
4. नीलामी के उपरांत उच्चतम डाक की राशि के भुगतान के साथ–साथ आयकर के मद में उच्चतम डाक की राशि का 2% राशि नियमानुसार देय होगा।
5. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति पर बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
6. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से 10 कार्य दिवस के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा। पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा
7. उक्त खनिज की नीलामी सम्पन्न होने के उपरान्त नीलामी की राशि पूर्ण रूप से जमा किये जाने के उपरान्त खनिज का निष्पादन/प्रेषण हेतु JIMMS Portal द्वारा अस्थायी आई0डी0 सृजित किया जायेगा।
8. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरांत अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
9. खनिज के प्रेषण के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।
10. अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 29.08.2023 समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से दिनांक 04.09.2023 समय 5:00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नांकित वांछित कागजात स्व अभिप्रमाणित कर संलग्न करना होगा।

(i) सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम से बैंक ड्राफ्ट।
(ii) पैन कार्ड की छायाप्रति।
(iii) विगत तीन वर्ष का आयकर रिटर्न की छायाप्रति।
(iv) GST निबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
(v) आवंटित कार्य के कार्यादेश की छायाप्रति/डीलर्स निबंधन की छायाप्रति।
(vi) पासपोर्ट साईज फोटो की दो प्रति।
(vii) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि खनन विभाग से संबंधित भुगतान बकाया/लंबित नहीं हो एवं किसी विभाग द्वारा उनका नाम/संस्था का नाम काली सूची में दर्ज न हो।

नोटः–विशेष जानकारी के लिये जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
अपर समाहर्ता
रामगढ़

PR305765 (Mines and Geology)23-24*D




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 31.2 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.11 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.30 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 30 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


## अनुरोध : मुख्यमंत्री ने खान एवं कोयला मंत्रालय, भारत सरकार को लिखा पत्र

# कोयला खनन परियोजनाओं के नामकरण में राज्य की परंपरा-इतिहास को सम्मान मिले: हेमंत




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय खान एवं कोयला मंत्रालय, भारत सरकार में मंत्री प्रह्लाद जोशी को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित विभिन्न कोयला खनन परियोजनाओं एवं निजी कोयला परियोजना का नामकरण स्थानीय स्थल/ गांव/ मौजा/ पंचायत /प्रखंड/ झारखंड राज्य के महापुरुषों और दर्शनीय स्थलों आदि के अनुरूप किया जाये। हेमंत सोरेन ने पत्र में अनुरोध किया है कि कोल इंडिया लिमिटेड, निजी कंपनियों और अन्य लोक उपक्रमों के द्वारा संचालित खनिज परियोजनाओं का नामकरण भारत सरकार द्वारा स्थानीय जनमानस की भावनाओं, परंपरा, संस्कृति आदि के आधार पर नहीं किया जा रहा है। उन्होंने चतरा जिला में संचालित खनन परियोजनाएं आम्रपाली कोयला परियोजना, अशोक कोयला परियोजना एवं मगध कोयला परियोजना का उदाहरण देते हुए कहा है कि इन कंपनियों द्वारा जन भावनाओं के खिलाफ जाकर स्थानीय जन भावनाओं की संस्कृति, परंपरा और इतिहास को उचित सम्मान नहीं दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मांग की है कि झारखंड की पहचान एक खनिज संपदा बहुल राज्य के रूप में स्थापित हुई है और देश के विकास में इसका अहम योगदान है। खनिजों से प्राप्त राजस्व का बड़ा भाग कोयला खनिज से ही प्राप्त होता है, जिसका लगातार दोहन किया जा रहा है। अनुरोध है कि यहां के संस्कृति, परंपरा और इतिहास को उचित सम्मान दिया जाये।

> स्थानीय जन भावनाओं की संस्कृति, परंपरा और इतिहास को उचित सम्मान नहीं दिया जा रहा

# चंद्रशेखर आजाद पूजा समिति के दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** अल्बर्ट एक्का चौक मुख्य मार्ग पर विगत 1971 से आकस्मिक कारणों को छोड़कर यथासंभव और आकर्षक पूजा का आयोजन चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति करता रहा है। इसी के तहत दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण की शुरुआत क्लब के संस्थापक सदस्यों अध्यक्ष पदाधिकारी एवं सदस्यों के बीच यजमान द्वारा भूमि पूजन के साथ प्रारंभ हुई। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष शहर वासियों एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को अपने पूजा पंडाल प्रारूप में देवलोक का प्रस्तुति करने जा रहा है। बेहद ही आकर्षक रूप से पूजा पंडाल मनोरम लाइटिंग और नैनाभीराम मां का दरबार होगा कोलकाता से आये कारीगरों के द्वारा पूजा पंडाल का निर्माण होना है और पूजा पंडाल में लगने वाले आकर्षक लाइट भी पूजा पंडाल के प्रारूप देवलोक की तर्ज पर बेहद ही खास रूप से लगायी जानी है। इस देवलोक में मां दुर्गा और मां दुर्गा के दरबार में स्थापित प्रतिमाओं के अलावा अन्य भगवान की प्रतिमा बेहद ही संजीदगी के साथ आये श्रद्धालुओं के बीच प्रस्तुत रहेगी। क्लब के अध्यक्ष पदाधिकारी सहित सभी सदस्य पंडाल निर्माण से लेकर मां के विसर्जन शोभायात्रा तक अपने अथक प्रयास से शहर वासियों को आकर्षक और भव्य पूजा का आयोजन के लिए कृत संकल्पित है। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष का कहना है कि हम सभी सदस्य भूमि पूजन के साथ मां के आराधना के लिए बेहद ही तत्परता के साथ लग चुके हैं और हमारी ओर से कोशिश होगी कि प्रत्येक वर्ष की भांति जिस प्रकार शहर वासियों को चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के मनोरम पूजा पंडाल का अवलोकन का इंतजार होता है, उस आशा पर हम सभी सदस्य खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## मोदी ने गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत दी है : अर्जुन मुंडा



रांची/दिल्ली(आजाद सिपाही)। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री का रक्षाबंधन उपहार के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत का एलान किया है। सभी एलपीजी उपभोक्ताओं (कुल 33 करोड़) के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपये की कमी की गयी। यानी अब एक सिलेंडर 1100 की जगह 900 रुपये का मिलेगा। पीएम उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को मार्च 2023 में प्रदान की गयी 200 रुपये की सब्सिडी के अलावा यह 200 रुपये की राहत मिलेगी। इस प्रकार, लगभग 10 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थियों को 700 रुपये में सिलेंडर मिलेगा। इसके साथ ही मोदी सरकार ने अतिरिक्त 75 लाख उज्ज्वला कनेक्शन को भी मंजूरी दे दी है, जिससे पीएमयूवाई के तहत कुल लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जायेगी। कैबिनेट ने इसरो के सभी वैज्ञानिकों को चंद्रयान मिशन की सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा बंधन पर बहनों को दिया बड़ा उपहार: बाबूलाल



रांची(आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का झारखंड प्रदेश की जनता और माताओं बहनों की ओर से आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जन भावनाओं के अनुरूप गैस सिलिंडर के दाम में 200 रुपये की कमी करके रक्षा बंधन के अवसर पर बहनों को बड़ा उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि देश में 35 करोड़ बहनों को 200 रुपये तथा उज्जवला योजना से जुड़ी 10.35 करोड़ बहनों को 400 रुपये की रियायत दी है। कहा कि केंद्र सरकार 75 लाख और बहनों को उज्जवला योजना से जोड़ने के लिए संकल्पित है।

## घरेलू गैस की कीमत में 200 रुपये की कमी कर उपहास किया गया है : सुप्रियो




रांची(आजाद सिपाही)। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को उनके गैस सिलेंडर के भुगतान में 200 रुपये की कमी कर उपहार नहीं उपहास किया है। यह तो इस बात को चरितार्थ करता है कि एक स्वस्थ आदमी का गला रेतने के पश्चात उनके नश्वर शरीर में खून चढ़ाने जैसा है। देश में लगातार बढ़ती मंहगाई, घटते रोजगार, बढ़ती बेरोजगारी, आदिवासी एवं दलितों पर लगातार हो रहे अत्याचार इस बात की गवाही देते हैं कि देश आज किस रास्ते की ओर जा रहा है। हरियाणा में नूंह जैसी असभ्य तरीके से अल्पसंख्यक समुदाय पर किये गये अत्याचार एवं चिह्नित कर उनके आशियाने को उजाड़ने वाली भाजपा का शासन तंत्र आज कितना निरंकुश हो गया है। बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के नेतृत्व में देश भर के प्रतिष्ठित एवं दुरगामी चिंतकों की अथक मेहनत एवं विचारोपरांत तैयार हमारे संविधान को बदलने की बात करने वाले भाजपा के नेताओं को बताना पड़ेगा कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थी को 200 रुपये अनुदान देकर, देश के बीस लाख करोड़ रुपये चंद पूंजीपतियों के ऋण को माफ कर किस अर्थव्यवस्था की बात करते हैं।

## रक्षाबंधन पर मोदी सरकार का देश की बहनों को बड़ा उपहार : रघुवर दास



रांची(आजाद सिपाही)। पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि रक्षाबंधन पर मोदी सरकार का देश की बहनों को बड़ा उपहार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर में 200 रुपये की छूट देने के निर्णय से घरेलू उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी। जनहित के इस निर्णय के लिए मोदी जी का आभार।



आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 30 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



**महत्वपूर्ण न्यूज**

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर कई खेलों का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले के सीएच स्कूल मैदान में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमे 800 मीटर दौड़, फुटबॉल, कबड्डी व तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल का फाइनल मैच कोडरमा बनाम डोमचांच के बीच खेला गया, जिसमें पेनल्टी शूट में कोडरमा ने बाजी मार ली। वहीं 800 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में प्रथम स्थान कोमल कुमारी, द्वितीय स्थान स्वीटी कुमारी वहीं तृतीय स्थान सपना कुमारी ने प्राप्त किया। कबड्डी बालिका वर्ग में आजाद टीम शहीद भगत सिंह एकेडमी को हरा कर विजेता हुई। बालक वर्ग में आजाद टीम ने झारखंड पब्लिक स्कूल को हरा कर विजेता बनी। तीरंदाजी में प्रथम स्थान पर आफरीन, द्वितीय स्थान पर अलीफा, तृतीय स्थान पर इशिका एवं बालक वर्ग में प्रथम अंकित कुमार, द्वितीय स्थान पर अनमोल और तृतीय स्थान पर गौरव रहें। सभी खिलाड़ियों को जिला प्रशासन द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## डेंगू हजारीबाग में फैला रहा अपना पैर, चार केस



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला में डेंगू के चार केस पाये जा चुके हैं। वर्तमान समय में चारों ही मरीज स्वरूप है, किन्तु सावधानी नहीं बरतने पर अन्य लोगों में भी उक्त बीमारी का प्रकोप हो सकता है। डेंगू एक वायरल बीमारी है जो संक्रमित मादा एडिज मच्छर के काटने से फैलती है। ये मच्छर घर के अन्दर और बाहर जमा साफ पानी में पैदा होते हैं एवं दिन में काटते है। इस बीमारी से बचने के लिए सावधानी बरतना आवश्यक है। घर के अन्दर और बाहर अनावश्यक रूप से पानी जमा न होने दें। जलपात्र को हमेशा ढक कर रखें। पानी की टंकी, कूलर, फ्रीज, फूलदान इत्यादि की प्रत्येक सप्ताह सफाई करें और इनका पानी बदलते रहें। नियमित रूप से घर के आसपास जमा पानी में किरासन तेल, जला हुआ गोबिल अथवा अन्य तैलीय पदार्थों को डालकर मच्छर के लार्वा को नष्ट करें। दिन या रात किसी भी समय सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। शरीर को पूरी तरह से ढककर रखने वाले कपड़े पहने। बुखार, सर दर्द, बदन दर्द इत्यादि लक्षण पाये जाने पर अपना इलाज चिकित्सक से कराएं। डेंगू के लक्षण पाये जाने पर चिकित्सक के परामर्श का पूर्णतः अनुपालन करें एवं अपने रक्त की जांच कराएं। डॉ. कपिलमुनि प्रसाद जिला भीबीडी पदाधिकारी ने कहा कि डेंगू बीमारी के इलाज के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। चिकित्सक के परामर्श से इसका सपोर्टिव ट्रीटमेंट ही किया जाता है। बचाव ही इसका एकमात्र उपाय है। इसलिए डेंगू से बचाव के लिए उपर्युक्त दिशा-निदेर्शों का अनुपालन आवश्य करें।

## परवरिश एजुकेयर स्कूल में मना राष्ट्रीय खेल दिवस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** परवरिश एजुकेयर स्कूल, कुजू में 12वां राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। खेल दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने महान भारतीय हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यर्पण कर व श्रद्धांजलि देते हुए विद्यार्थियों के बीच खेल व शारीरिक फिटनेस के महत्वों की जानकारियां दी गयी। तत्पश्चात अंतर-सदनीय खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रिले दौड़, रस्साकशी और अन्य प्रतियोगिताओं में शामिल हुए। जहां विद्यार्थियों ने स्कूल मैदान मे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अनुकरणीय खेल कौशल का प्रदर्शन किया। जिससे एथलेटिकिज्म और टीम वर्क का एक सच्चा उत्सव बन गया। साथ ही, विद्यार्थियों का समग्र विकास में योगदान करते हैं। वही, प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी ने खेल समग्र शिक्षा का एक अभिन्न अंग बताया। वे दृढ़ता, नेतृत्व और सहयोग के गुण पैदा करते हैं जो व्यक्तिगत विकास के लिए अमूल्य हैं। वही, प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हमारे छात्रों में खेल के प्रति जुनून जगाने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। मौके पर काफी संख्या में शिक्षक-शिक्षकेतर, कर्मचारी व विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र का मुखिया ने किया उद्घाटन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत ग्राम बड़ासिंघा हरिजन टोला में आंगनवाड़ी का नवनिर्मित भवन का उद्घाटन मुखिया ललिता देवी के द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर मुखिया ने कही की नवनिर्मित भवन बन जाने से बच्चों को मूलभूत शिक्षा मिल सकेगी और अच्छी शिक्षा पाने के लिए विद्यालय या फिर कोई भी संस्था का अपना भवन होना जरूरी होता है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि धीरेन्द्र, पंसस विनीता, पंचायत सचिव कैलाश, संजय, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर साव, सूरज राणा, गणेश साव, सुनील साव समेत सैकड़ो ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## अखंड हरि कीर्तन में शामिल हुए पूर्व विधायक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गयपहाडी के ग्राम झिंगीबराय में चौबीस घंटे का अखंड हरि कीर्तन के समापन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शामिल हुवे। जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ हरे रामा. हरे कृष्णा का भजन गाए। तत्पश्चात पूर्व विधायक श्री यादव महाप्रसाद ग्रहण कर झींगिबराय के ग्रामीणों को इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए शुभकामनाएं दी।

## झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत होगा : सुरेश यादव



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** केटीपीएस के नेता और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव ने बताया कि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में निकाली गई संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए बरकट्ठा एवं कोडरमा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया जा रहा है। 4 सितंबर को कोडरमा जिला के डोमचांच में, 5 सितंबर को बरकट्ठा में संकल्प यात्रा को सफल बनाया जायेगा जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्र के पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश ने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के विकास के संकल्पों के साथ खड़ी है।

# चमेली झरना में महिला और तीन बच्चों के शव बरामद

**पदमा ओपी अंतर्गत से मिला चमेली देवी और उनके तीन बच्चों के शव, सामूहिक आत्महत्या का अंदेशा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** इचाक और पदमा थाना क्षेत्र के सिमाना पर स्थित चमेली झरना में दो दिनों के भीतर 3 शव मिले थे। शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी थी। चार दिन के बाद मृत बच्चों की मां कुंती देवी का भी शव पुलिस ने चमेली झरना से ही बरामद किया है। शव खदान के बीच में होने के कारण पुलिस को शव निकालने में काफी मशक्कत करना पड़ा। इस मामले को लेकर दो दिन पूर्व एसपी मनोज रतन चौथे ने अधतन जानकारी दी थी की गत 21 अगस्त को कुंती देवी उम्र लगभग 26 वर्ष पति-सुनिल कुमार पिता धनेश्वर रविदास सा-करसो थाना-बरही जिला हजारीबाग अपने तीन बच्चो कर्ण कुमार उम्र लगभग 12 वर्ष, पुत्री रिया कुमारी उम्र लगभग 10 वर्ष एवं पुत्र आयशू कुमार उम्र लगभग 07 वर्ष के साथ अपने घर से अपनी बहन की घर तिलिर करमा जो पदमा ओपी अन्तर्गत पडता है, जाने के लिए निकली थी। 24 अगस्त और 25 अगस्त को कुंती देवी के तीनों बच्चों का शव चमेली झरना ईचाक पदमा ओपी अन्तर्गत से मिला था। चार दिन के बाद कुंती देवी का भी शव मंगलवार को उसी चमेली झरना खदान से बरामद किया गया। सवाल यह उठता है की जब कुंती देवी अपने तीन छोटे छोटे बच्चो से साथ अपने घर से तिलीर कर्मा अपने बहन की घर जाने के लिए निकली तो फिर चमेली झरना कैसे पहुंच गयी।

# चरही घाटी में भीषण सड़क हादसा, खलासी जिंदा जला

**आजाद सिपाही सवांददाता**

**चरही।** चरही घाटी में मंगलवार को लगभग दो बजे पेट्रोल से भरा टैंकर हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जाने के क्रम में अनियंत्रित होकर चरही घाटी यूपी मोड के पास पलटने से वाहन का उप चालक जिंदा जल गया इस भयानक नजारे को देखकर चरही घाटी में अफरातफरी का माहौल बन गया टैंकर में पेट्रोल भारा होने के कारण लगभग आधा किलोमीटर तक बह गया और उसी पेट्रोल को बहाने से आग के लपेटे लगभग आधा किलोमीटर तक फाइल गया जिसे बड़ी संख्या में पेड़ पौधे भी जल गया भीषण आग को देखकर लोग अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे दोनों तरफ का पथ को लगभग दो से ढाई घंटों के लिए बंद कर दिया गया मौके पर चरही पुलिस का बल को तैनाती किया गया और पुलिस को काफी मस्कत करना पड़ा रोड जाम के कारण फायर ब्रिगेड वाहन जाम में फस जाने के कारण घटना स्थल तक नहीं पहुंच सका जलकर समाप्त होने ने तक रोड जाम रहा तब अंतीम समय में फायर ब्रिगेड वहां पहुंच सका तब तक जलकर राख हो गया आग लपेटे कम होने के बाद एक तरफ के रोड को चालू कर दिया गया मुसाफिर पैदल अपनी मंजिल की ओर जाते हुए भी देखा गया चरही घाटी में इस तरह की कई घटनाएं हुईं हैं ।

और कितने लोगों जान भी चला गया लेकिन सरकार को कान में जूं तक नहीं रेगता है इस डेंजर घाटी के विषय में मीडिया के लोगों ने प्रमुखता से अपनी अखबारों में जगह देता है लेकिन सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# प्रखंड 20 सूत्री की बैठक में जल-नल योजना में अनियमितता का मामला उठा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**इचाक।** प्रखंड 20 सूत्री की बैठक प्रखंड मुख्यालय सभागार मे मंगलवार को हुई। अध्यक्षता 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मनोहर राम और संचालन बीडीओ रिंकू कुमारी ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से जलनल योजना में अनियमित की बात सामने आई। कही नल खराब हो गया, कहीं कहीं बीच में घरों को नल कनेक्शन भी नहीं दिया गया। जिस बोरिंग में एक बाल्टी भी पानी नहीं आया उसमें भी मशीन लगाकर पैसा निकालने का काम कर रहे हैं। अगर इस पर सुधार नहीं हुआ तो 20 सूत्री अध्यक्ष एवं सदस्य सरकार को पत्र लिखेंगे। समय पर आंगनवाड़ी केंद्र खोलने का आदेश दिया गया एवं सरकारी पोषाहार एवं अन्य योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया गया। झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना जो चल रही है उसको रफ्तार बढ़ाया जाए और समय पर काम किया जाए। प्रचार प्रसार कर सरकार के कार्यों को आम जनता तक पहुंचाया जाए। 15वीं वित में रफ्तार किया जाए। जो भी राशि आई है उसे 100% खर्च किया जाए। अनुपस्थित अधिकारियों पर स्पष्टीकरण निकाला जायेगा। बैठक में विभिन्न गांव का जर्जर अवस्था में किसानों को आने-जाने में भारी कठिनाई हो रही है इसलिए डिएमएफटी फंड से ग्राम चपरख मे राजेंद्र मेहता घर से शमशान घाट तक पीसीसी और गार्डवाल पुल पुलिया निर्माण, ग्राम हदारी में पुरनी बांध से शमशान घाट होते तमौरीबंद होते संजय मेहता घर तक पीएससी गार्डवाल एवं पुल पुलिया का निर्माण, ग्राम परासी में सरिता देवी घर से सिमर पेड़ तक पीसीसी निर्माण, पुराना इचाक पंचायत ग्राम तेतरिया काली करण से श्मशान घाट तक पीसीसी निर्माण की मांग की गयी।

अंचल अधिकारी से मांग किया गया कि राजस्व ग्राम मे गैर मजरुवा और वन भूमि कितना कितना है स्पष्ट कर दें। इस बैठक में मुख्य रूप से सीओ, लालमोहन, दिगंबर, रामप्रवेश, बाबुन, अजय, सुपरवाइजर मनीषा आदि उपस्थित थे।

## अमर शुक्ला ने पदभार ग्रहण किया



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** बरकाकाना ओपी के नये प्रभारी के रूप में अमर शुक्ला ने पदभार ग्रहण किया। रामगढ़ एसपी पियूष पांडेय के निर्देश पर अमर शुक्ला को बरकाकाना ओपी प्रभारी नियुक्त किया गया है।पदभार ग्रहण के मौके पर नये ओपी प्रभारी अमर शुक्ला ने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर रिश्ते कायम कर क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा कि क्षेत्र को अपराध मुक्त रखने के लिए पुलिस गश्ती तेज की जायेगी।उन्होंने आमलोगों से आह्वान किया कि किसी प्रकार की शिकायत के लिए सीधे तौर पर मुझसे संपर्क कर अपनी बात रख सकते हैं। इसके पूर्व मौके पर उपस्थित पूर्व थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने कागजी कारवाई पूर्ण कर नए थाना प्रभारी अमर शुक्ला को कार्यभार सौंपा।

## शारीरिक रक्षा के साथ आत्मिक रक्षा ही पूर्ण रक्षाबंधन है : ब्रह्माकुमारी सरिता



**केरेडारी(आजाद सिपाही)** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केरेडारी संस्थान में मंगलवार को पत्रकारों के लिए रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने सभी पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आत्म और परमात्म ज्ञान की कमी के कारण सभी मानव एक दूसरे से भय तथा असुरक्षा का महसूस कर रहे हैं आज मानवता कहीं न कहीं विलुप्त होती नजर आ रही है यदि सांसारिक ज्ञान में आध्यात्मिक ज्ञान का समावेश हो तो हमारा जीवन मूल्यवान बन जायेगो आज साइंस विकास के साथ साथ विनाश की भी सामग्रियां बॉम्ब्स तैयार करके बैठी है अब साइलेंस बल से पुनः हमारा भारत सोने की चिड़िया अर्थात स्वर्ग बन जायेगा। परमात्मा का अवतरण इस दुःख अशांति से परिपूर्ण कलियुग को सुख शांति से संपन्न सतयुग बनाने के लिए हो चुका है आइए हम सब सद्भाव के साथ परमात्मा के इस श्रेष्ठ कार्य को पूरा करने में सहयोग करें इस नकारात्मकता से परिपूर्ण वायुमंडल को अपने शुद्ध संकल्पों से ठीक करें अंत में सदैव मीठा व्यवहार तथा मीठी वाणी रखने के लिए मिठाई भी खिलाई गई तथा ज्ञानमृत पुस्तिका भी उपहार स्वरूप भेंट की गयी।

## श्री राणीसती दादी जी का सिंधारा महोत्सव सह मंगल पाठ का आयोजन

# कर लो मंगल पाठ, यही जीने का सहारा है

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**कोडरमा।** झुमरीतिलैया पानी टंकी रोड स्थित श्री राणीसती सेवा सदन परिसर में सावन के मौके पर मंगलवार को श्री राणीसती सेवा सदन के तत्वाधान में श्री राणीसती दादी जी का सिंधारा मंगल पाठ का आयोजन किया गया। मौके पर दादी जी का अलौकिक श्रृंगार किया गया। दादी जी का विग्रह एवं विभिन्न देवी देवताओं के साथ झूलन भी लगाया गया। मंगल पाठ की शुरूआत अखंड ज्योत के साथ हुई। इसमें यजमान के रूप में गोपाल सर्राफ एवं सुमन सर्राफ शामिल हुए। पूजा अर्चना पंडित रामप्रवेश पांडे और राहुल पांडे ने संयुक्त रूप से करवाई। यह मंगल पाठ 4 घंटे तक चला। सस्वर मंगल पाठ में धनबाद से आए आशीष अग्रवाल ने दादी जी के जन्म से लेकर शिक्षा दीक्षा एवं वीरगाथा का वर्णन किया। इस दौरान मंगल पाठ में मंगल भवन अमंगल हारी, नारायणी तेरो नाम सुहानो.. और जय दादी की श्लोक से गूंजता रहा। इस दौरान महिलाओं के द्वारा कर लो मंगल पाठ यही जीने का सहारा है.. सावन सुरंगो जोर को कोई झूले सती मां.. मेहंदी ओ मेहंदी इतना बता दो कौन सा काम किया है.. तथा चालो-चालो दादी जी का सिंधारा करसा जैसे भजनों पर खूब झूमे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता भी उपस्थित हुई। उन्होंने कहा कि भक्ति में ही शक्ति का संचार होता है। मंगल पाठ से जहां वातावरण में भक्ति का मौका मिलता है, वहीं दादी जी के सिंधारा एवं सावन में राजस्थानी महिलाओं के द्वारा इस तरह के आयोजन से भक्ति जागती है। इस दौरान धनबाद से आए आशीष अग्रवाल ने झुंझुनू की महारानी है सारे जग की सेठानी है.. मेरी राणीसती दादी सा कोई ना सनी है.. भादो के मस्ती में... जैसे भजनों से भक्तों को खूब झुमाया। कार्यक्रम में सवामणी छप्पन भोग आदि का भी वितरण किया गया।

## राष्ट्रपति को राखी बांधेंगी सेक्रेड हार्ट की छात्राएं



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राखी बांधने के लिए सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्राएं मंगलवार को दिल्ली रवाना हो गई। बच्चों के साथ शिक्षक प्रवीण कुमार और शिक्षिका कामिनी सहाय भी साथ में गए हैं। बच्चे मंगलवार को जनसंपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली जाने वाले बच्चों में नयनतारा गुप्ता, सौम्या कुमारी, जाह्नवी ओझा, कौशांबी मालवा और पुलकित सोनी के नाम शामिल हैं। बच्चों को स्टेशन छोड़ने के लिए विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार के अलावा बच्चों के माता-पिता भी पहुंचे थे। राष्ट्रपति को राखी बांधने के बाद बच्चे दिल्ली के प्रमुख स्थानों की सैर करेंगे और एक सितंबर को वापस लौट आएंगे। दूसरी ओर झारखंड के गवर्नर सीपी राधाकृष्णन को राखी बांधने के लिए सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चों की दूसरी टीम बुधवार को सुबह में रांची रवाना होगी। गवर्नर हाउस जाने वाले छात्रों में आर्ची कुमारी, वंदना कुमारी, अनुप्रिया कुमारी, मेघा सिंह और तनीषा शर्मा के नाम शामिल हैं। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार समेत अन्य शिक्षकों ने बच्चों को शुभकामनाएं दी हैं। यहां के बच्चों ने पिछले साल भी रक्षाबंधन के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को राखी बंधी थी।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** 29 अगस्त को पूरे देश में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में प्रातः कालीन सभा के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अमरनाथ, उपांशु, देव, अक्षय, अंकित, नैतिक, अभिनव, आरुष, दिव्यांश, मयंक, स्वर्णादित्य, समृद्धि भारती, ईशु, साक्षी, आराध्या सिंह, सभ्याता सिंह, कुमारी शाम्भवी, सोनाक्षी कुमारी, साक्षी कुमारी, सिमरन कुमारी एवं लव और उसके समूह ने अपने नृत्य से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के शुभम सिंह ने अंग्रेजी भाषण व हिन्दी भाषण एवं मंच संचालन समिष्ठा कुमारी ने किया। विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने मेजर ध्याचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के प्राचार्य श्री कृष्ण कुमार सिंह ने खेल दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका रिया शर्मा, चांदनी दुबे, अनिल कुमार, उज्वल घोष एवं सीसीए इंचार्ज श्वेता सिंह ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सेक्रेड हार्ट स्कूल में बालिकाओं के बीच इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पहले मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर प्राचार्य नवीन कुमार, पीटीआई राकेश पांडेय, कुंदन राणा और बच्चों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्राचार्य नवीन ने कहा कि खेलकूद भी शिक्षा का अभिन्न अंग है। खेलकूद से छात्रों का शरीर स्वस्थ रहता है। और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन वास करता है। प्रतियोगिता में पवन हाउस विजेता और पानी हाउस उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के पहले प्राचार्य नवीन ने सिक्का उछाल कर टॉस किया। इस प्रतियोगिता में पानी, पवन, धरती और आकाश हाउस के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अदिति, प्रिंसी, तनीषा, रितिका, खुशी, स्नेहालदीप, वर्षा रानी, श्वेता, अल्फिया, रूपा, पारुल, प्रियांशी, चाहत, राधिका, वंशिका, समरीन, रौकिया सफक, जिया, अमरीन , रिया राणा, रितिका, तायबा, अन्नू, माही, नीलू और सदा कायनात की प्रस्तुति सराहनीय रही। विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी अपना भविष्य बना सकते हैं।

## स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा वितरण किया



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दामोदर घाटी निगम कोडरमा, ताप विद्युत केंद्र ने सामाजिक दायित्व के अंतर्गत आई फ्लू स्वास्थ्य शिविर का आयोजन तमाय पंचायत के ग्राम सोनपुर उच्च विद्यालय के परिसर में किया। जिसमें डीजीएम हरिश्चंद्र सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। वहीं डीजीएम हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि आसपास साफ सफाई रखें और स्वच्छ रहे और स्वस्थ रहें। वहीं डॉक्टर आनंद मोहन मिश्रा ने आई फ्लू और मौसमी बीमारी के बारे में बताया कि आई फ्लू में आंख में लाली आ जाती है और आंखों को खुजली और जलन होने लगता है और एक दूसरे के संपर्क में नहीं आना है। नजदीकी स्वास्थय केंद्र में संपर्क कर चिकित्सक से दवा लें और आंख आने पर बार-बार आंख न छुएं। वहीं डॉ. रवि कुमार, डॉ. विकास कुमार ने 167 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरण किया। इस शिविर में शिक्षक गुलाम सरवर, फार्मासिस्ट अब्दुल्ला, देवेंद्र कुमार, कुलदीप राम सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## एसडीओ के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान, दो फ्लाई ऐश लदा हाइवा जब्त



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** एसडीओ संदीप कुमार मीना के नेतृत्व में मंगलवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान कोडरमा के वसुंधरा पेट्रोल पंप के समीप चलाया गया।। चेकिंग अभियान के दौरान बिना लाइसेंस, बिना माइनिंग चालान, ओवर लोडिंग समेत कई कागजातों की जांच की गयी। जिसमें से 4 ट्रक और 2 ट्रैक्टर बिना माइनिंग चालान के पाये गये और दो हाईवा फ्लाई ऐश ओवर लोडिंग पाये गये। ओवर लोडिंग फ्लाई ऐश से लदे वाहनों को जप्त किया गया है और बिना चालान लदे वाहनों पर जुमार्ना लगाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि सभी प्रकार के कागजातों के साथ वाहन चलायें और ओवर लोडिंग वाहन बिल्कुल न चलाएं, इससे दुर्घटना होने की संभावना रहती है।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी समस्याएं

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आमजनों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मेघा भारद्वाज ने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त महोदया के समक्ष रखा। जनता दरबार में पंचखेरो जलाशय योजना के तहत पर्यटन स्थल बनाने एवं तक घाट जाने के लिए रास्ता उपलब्ध कराने, पीने का पानी का कनेक्शन लगाने, खराब पड़े जलमीनार को बनवाने, स्थानांतरण प्रमाणपत्र निर्गत करने दैनिक मजदूरी मुहैया कराने, साफ सफाई करने, मकान बनाने में बाधा उत्पन्न करने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करने को कहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### अवैध खनन, हाइवा सहित अवैध 550 सीएफटी पत्थर चिप्स जब्त

**रामगढ़।** अवैध खनन,भंडारण और परिवहन पर पूर्ण रोक लगाने को लेकर डीएमओ नितेश गुप्ता के नेतृत्व मंगलवार को अवैध पत्थर चिप्स ले जाते एक हाइवा को पकड़ा है। जांच के बाद हाइवा समेत हाइवा में लदे 550 सीएफटी अवैध चिप्स पत्थर को जब्त करते हुए नामजद हाइवा चालक,मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ रजरप्पा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जिला खनन पदाधिकारी नितेश गुप्ता एवं उनकी टीम के द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है, मंगलवार को डीएमओ नितेश गुप्ता,खान निरीक्षक राहुल कुमार , जीतेंद्र कुमार एवं पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की जा रही थी,इस दौरान रजरप्पा थाना क्षेत्र के नया मोड़ चिपरपुर गोला मुख्य पथ पर हाइवा संख्या- : जेएच24जे-0487 के द्वारा पत्थर चिप्स ले जाते पकड़ा गया ,हाइवा चालक संजय मरांडी से जब चिप्स के कागजात की मांग की गयी तो चालक कागजात नहीं दिखाया जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए डीएमओ के द्वारा हाइवा समेत हाइवा में लदे 550 सीएफटी चिप्स को जब्त करते हुए थाना को सुपूर्द कर दिया। हाइवा चालक, मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। साथ ही अविलंब संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### जेल में बंद परमदीप सिंह कालरा की तबियत बिगड़ी, सदर में कराया भर्ती

**रामगढ़।** चर्चित जानकी यादव हत्याकांड मामले में जेल में रामगढ़ उपकारा में बंद परमदीप सिंह कालरा उर्फ जानू सरदार की तबियत अचानक बिगड़ गई। जिसके बाद जेल प्रशासन ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को रामगढ़ उपकारा में बंद परमदीप सिंह कालरा उर्फ जानू सरदार को फूड प्वाइजन हो गया। जिससे उसकी हालात खराब होने लगी। जिसके बाद जेल प्रशासन ने आनन फानन में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वही, चिकित्सकों की तीन टीम उसके स्वास्थ्य जांच में जुट गई। बाद में चिकित्सकों ने उसका पेट का अल्ट्रासाउंग कराने की सलाह दी है। लेकिन अल्ट्रासाउंड ऑपरेटर नहीं रहने के कारण उसे कागजी प्रक्रिया पूरी कर रिम्स रेफर किया गया है। समाचार लिखे जाने तक जानू सरदार को रिम्स नहीं भेजा गया था।

### श्राद्ध कर्म के लिए आजसू पार्टी ने मृतक परिजनों को खाद्य सामग्री सहयोग किया



**रजरप्पा।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत दोहाकातू निवासी घुजा करमाली का पिछले सप्ताह निधन हो गया था इसकी सूचना रामगढ़ के पार्षद को दूरभाष से दी गई मृतक के परिजन आदिवासी परिवार के हैं और आर्थिक स्थिति काफी दयनीय थी परिजनों की माली आजसू पार्टी द्वारा मृतक परिजनों को खाद्य सामग्री दिया गया गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर हर संभव शोकाकुल परिजनों को सहयोग किया इस मौके पर रामगढ़ जिला आजसू पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष किशुन राम मुंडा एवं दोहाकातू पंचायत के मुखिया कलावती देवी रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष मोहरलाल महतो सहित कई आजसू कार्यकताओं परिजनों से मिले और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए फोटो चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया तथा शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर दुखद बेला में दुख सहने की ढाढ़स बंधाया। मौके पर उपस्थित दोहाकातू पंचायत के उप मुखिया जयप्रकाश महतो बालकिशुन महतो, चंद्र ठाकुर ,धर्मू महतो ,सोहराई करमाली,संजय महतो,फागु बेदिया,सुचिता देवी एवं परिवार ग्रामीण उपस्थित हुए।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव 02 सितंबर को होगा

**रजरप्पा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र रामगढ़ द्वारा आगामी 2 सितंबर 2023 को हुहुवा रामगढ़ स्थित महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजूकेशन के सेमिनार हॉल में अमृत काल इंडिया @2047 के लिए पंच प्रण पर आधारित जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन होना तय हुआ है। नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी रुद्रशेखर ने बताया उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ सदर विधायक सुनीता चौधरी होंगी। कार्यक्रम में पांच स्पधाओं पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिनमें भाषण , सामूहिक नृत्य,काव्य लेखन , मोबाइल फोटोग्राफी, ऑन द स्पॉट पेंटिंग जैसी कई तरह के प्रतियोगिता शामिल है। सामूहिक नृत्य में शास्त्रीय व लोक नृत्य विधावों के प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा। वहीं अन्य सभी प्रतियोगिता अमृत काल इंडिया 2047 के लिए पंच प्रण विषय पर आधारित होगा।

### बस-ट्रैकटर में टक्कर,दो गंभीर,रेफर



**गोला।** रामगढ़ बोकारो एन एच 23 हुप्पू के समीप मंगलवार की दोपहर को बस एवं ट्रैकर की जोरदार टक्कर हुई। जिसके कारण ट्रैकर में सवार अफजल अंसारी पिता सलीम ओरंगाबाद बिहार, एवं जयकिशन करमाली पिता मनोज करमाली तोयर निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया। घटना के सम्बद्ध में बताया गया कि बस संख्या जे एच 09एपी 0605 रांची से बोकारो की ओर जा रहा था। इसी दौरान गोला से रामगढ़ की ओर जा रहे ट्रैकर के साथ सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतना जोरदार था कि ट्रैकर के परख्चे उड़ गए। वही घटना के बाद बस चालक भागने में सफल रहा। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। दोनों घायलों की हालत चिंताजनक बनी हई है।

### आइपीएल गोलीकांड में मारे गये लोगों का शहादत दिवस मनाया गया



**गोला।** प्रखण्ड क्षेत्र के बरियातू गांव में मंगलवार को आईपीएल गोलीकांड में मारे गए लोगों का शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान पूर्व विधायक ममता देवी ने स्व राम लखन महतो एवं स्व दशरथ नायक के प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि निर्दोष ग्रामीणों पर पूंजीपतियों के इसारो पर उस समय के तत्कालीन सरकार, पुलिस प्रशासन एवं अधिकारियों द्वारा गोली मारी गई। जिसमें कई निर्दोष ग्रामीण घायल हुए । लगभग एक दर्जन से ज्यादा लोगों को गोली लगी थी ।जिसमें राम लखन महतो और दशरथ नायक की मौत हुई। ग्रामीण अपने हक और अधिकार की मांगों को लेकर प्रबंधक के समक्ष अपने उचित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। तब एक सोची समझी साजिश के तहत आंदोलन कर रहे निर्दोष ग्रामीणों के ऊपर गोली चलाई गई । उन्ही निर्दोष ग्रामीणों को सरकार प्रशासन के द्वारा झूठे मुकदमा में भी फंसाया गया। ।

## बलकुदरा आउट सोर्सिंग माइंस में ओबी रिहैंडलिंग कार्य का शुभारंभ

# 19.5 लाख टन कोयला और 24 लाख क्यूबिक मीटर हार्ड ओबी की होगी निकासी

भुरकुंडा का भविष्य उज्वल है। बालकुदरा आउट सोर्सिंग 2 वर्षो में अपनी टारगेट को पूरा कर लेगा।



आजाद सिपाही सवांददाता

**भुरकुंडा।** परियोजना के बलकुदरा आउट सोर्सिंग माइंस की दूसरी फेज के कोयला उत्पादन करने की कवायद की शुरूआत मंगलवार को किया गया। इसका उद्घाटन पतरातु एसडीपीओ डॉ. वीरेन्द्र चौधरी व भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक ने नारियल फोड़कर किया। इसके पूर्व पंडित देवेंद्र मिश्रा द्वारा पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच माइंस में विशेष पूजा-अर्चना की गयी। पूजा में बतौर यजमान नंदलाल मुंडा शामिल हुए। इस दौरान अधिकारी और यूनियन के लोगों द्वारा 11 नारियल फोड़ी गयी। साथ ही उपस्थित लोगों के प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर पीओ मनोज पाठक ने बताया की पीएलआर का बलकुदरा आउट सोर्सिंग का टेंडर 23 जुलाई को समाप्त हो गया है। जिसके बाद बलकुदरा में दूसरी फेज के उत्पादन के लिए एसएमपीएल कंपनी द्वारा कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा की पूजा-अर्चना के साथ एसएमपीएल कंपनी द्वारा 15 लाख क्यूबिक मीटर डंप ओबी की रिहांडलिंग की शुरूवात की गई है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पहले ओबी हटाई जा रही है। उसके बाद सेकेंड फेज में बेरियर और बलकुदरा से 19.5 लाख टन कोयल और 24 लाख क्यूबिक मीटर हार्ड ओबी का निकासी किया जायेगा। साथ ही कोयला उत्पादन का 20 प्रतिशत कोयला रोड सेल में दिया जायेगा। उन्होंने कहा की भुरकुंडा का भविष्य उज्वल है। बालकुदरा आउट सोर्सिंग 2 वर्षो में अपनी टारगेट को पूरा कर लेगा। उन्होंने बताया कि सीसीएल दिसंबर माह में माइंस 3 और 4 नंबर में डिपांटमेंटल काम शुरू करने की तैयारी में है। पीओ मनोज पाठक ने बताया की 3 और 4 नंबर खदान में अनुमानत लगभग 12 लाख मिलियन टन कोयल का अकूत भंडार है। जो परियोजना का भविष्य तय करेगा। मौके पर आउट सोर्सिंग कंपनी पीएसएम/एसएमपीएल के चीफ एकाउंटेंट प्रकाश सिन्हा, प्रोजेक्ट इंचार्ज राकेश शर्मा, बलकुदरा मैनेजर बबलू कुमार, पंकज कुमार सिंह, अविनाश चंद्रा, अंकुर विश्वास, अभिषेक कुमार, नितेश कुमार, शशि भूषण सिंह, पप्पू सिंह, रामाकांत दूबे, संजय वर्मा, एसएम राजकुमार, शैलेंद्र सिंह, मनोज सिंह, रविंद्र साहा, प्रमोद सिंह, नीरज भट्ट, लक्ष्मी प्रसाद, अनिल पासवान, प्रभाष दास, मनोज राम, दयानंद केशरी, पारस महतो, अफजल हुसैन, अमरेंद्र कुमार, बुधनी देवी, ओम प्रकाश ओझा, प्रदीप बाउरी सहित दर्जनों अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थें।

## डीएलसीसी और डीएलआरएसी समीक्षा समिति की बैठक



आजाद सिपाही सवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 के जून तिमाही का जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति और समीक्षा समिति की बैठक में जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना 2023-2024 में बैंको की उपलब्धियों, सी.डी. रेशियों , सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाएं तथा किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एसएचजी योजना, एआईएफ हेतु लक्ष्य एवं उपलब्धियों की समीक्षा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, गैर निष्पादित परिसंपत्तियों पर आदि पर चर्चा की गयी तथा आर.सेटी चतरा के कार्यकलापों की समीक्षा की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त ने छात्र-छात्राओं के बेहतर शिक्षा हेतु बैंकों द्वारा विद्यालयों में लगाए गए एजुकेशन लोन कैंप की समीक्षा करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों में एजुकेशन लोन कैंप का आयोजन कर छात्र छात्राओं को लाभान्वित करें। जिससे जिले के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहयोग मिल सके। साथ ही आगे कहा हाउस लोन पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। ऋण जमा अनुपात के मामले में चतरा जिले का 29.34% प्रतिशत है जिसे 35% प्रतिशत करने हेतु निदेशित किया गया । साथ ही प्रधान मंत्री जन धन योजना के अंतर्गत बीमित, मृतक का शत-प्रतिशत क्लेम सेटल, 10 वर्ष से कम उम्र के शत-प्रतिशत बच्चों का खाता खुलवाने का भी निर्देश दिया। ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिल सके। उप विकास आयुक्त ने जिले के प्रखंड क्षेत्रों में लगे एटीम एवं एटीम में कैश की उपलब्धता की समीक्षा की।

## पूर्व सांसद ने इंटरसिटी ट्रेन की स्वीकृति मिलने पर रेल मंत्री का जताया आभार

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का बढ़ा है मान-सम्मान : यदुनाथ पांडेय



वीआईपी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** हजारीबाग के पूर्व सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो. डॉ. यदुनाथ पांडेय ने चंद्रयान-3 की सफलता पर देश के प्रधानमंत्री एवं इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का पहला ऐसा देश बना, जिसने दक्षिण ध्रुव चंद्रमा पर सफलतापूर्वक चंद्रयान को उतारा। पूर्व सांसद मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना करने रजरप्पा मंदिर आए हुए थे। इस दौरान सीसीएल रजरप्पा कोयलांचल स्थित वीआईपी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान बढ़ा है और यह सरकार गरीबों, पिछड़ों सहित सभी वर्गों के लिए बेहतर कार्य कर रही है। 2024 में पुनः नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। पूर्व सांसद ने बताया कि पिछले महीने मैंने दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर हजारीबाग से इंटरसिटी ट्रेन चलाने की मांग की थी। इसपर उन्होंने तुरंत स्वीकृति प्रदान की और हमारे इस गिलहरी के समान छोटे से प्रयास पर 12 अगस्त से इंटरसिटी ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी, तब अपराध पर नियंत्रण था। लेकिन जब से यहां महागठबंधन की सरकार बनी है, तब से आए दिन गोलीबारी, हत्या एवं लूट जैसी अपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है। जिस कारण झारखंड में लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## डीसी और एसपी ने अधिकारियों के साथ किया उपकारा का औचक निरीक्षण

# निर्धारित रोस्टर के अनुसार ही कैदियों को भोजन करायें उपलब्ध : डीसी चंदन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार ने सोमवार की रात एसपी पीयूष पांडे, एसडीओ मो जावेद हुसैन, एसडीपीओ किशोर कुमार रजक एवं सीओ सुधीर कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ छत्तरमांडू स्थित उपकारा रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम डीसी ने प्रभारी जेलर से प्रविष्ट बंदियों की पंजी, दंड पुस्तिका, मुलाकात पुस्तिका सहित अन्य अभिलेखों की जांच की एवं सभी पुस्तिकाओं को नियमित रूप से अनुरक्षित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बंदियों के खान पान व आवास व्यवस्था का भी जायजा लिया व निर्धारित रोस्टर के अनुसार ही उन्हें भोजन देने का निर्देश दिया। **मैनुअल के अनुसार ही बंदियों का चिकित्सीय जांच कराने निर्देश:** मूलभूत सुविधाओं के निरीक्षण के क्रम में डीसी ने पेयजल आपूर्ति, कारागार के शौचालय व स्नानागार, विद्युत व अन्य उपकरणों को दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने शौचालयों व स्नानागार के साथ जेल की नालियों की साफ-सफाई करने व रोग वाहक नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करने का निर्देश दिया। वहीं, बंदियों के स्वास्थ्य संबंधित पंजी का जायजा लेते हुए मैनुअल के अनुसार सभी बंदियों का चिकित्सीय जांच करते रहने का निर्देश दिया।

**डीसी ने सीसीटीवी व लाइटिंग व्यवस्था पर जताया असंतोष**

सुरक्षा व्यवस्था के जायजे के क्रम में डीसी ने सीसीटीवी संचालन व लाइटिंग व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए उपकारा अंतर्गत व उसके समीप लगे हुए सभी सीसीटीवी को 24 घंटे चालू रखने एवं खराब सीसीटीवी व लाइटों को यथाशीघ्र दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

साफ-सफाई एवं कारागार परिसर को स्वच्छ रखने का निर्देश डीसी ने किसी भी प्रकार की आकस्मिक परिस्थिति से निबटने के लिए अलार्म एवं रेस्पोंस सिस्टम की व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ही उपकारा रामगढ़ के विभिन्न वार्डों के साफ-सफाई एवं कारागार परिसर को स्वच्छ का निर्देश दिया।


E-mail-mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111

JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI

1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001

Ref. :- 1478 Date: 29.08.2023

Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites **"EoI for CMS Solution"** for Jharkhand State Cooperative Bank Limited.

Last date for submission of documents: **22.09.2023 till 12:00 Noon.**

For eligibility criteria and other details, please visit website: **http://www.jscb.gov.in** Sd/- CEO, JSCB, Ranchi


### खेल दिवस के मौके पर स्वदेशी खेल का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा स्वदेशी खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रस्सा-कसी एवं बोड़ा-रेस (स्वदेशी खेल) का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी सर्वप्रथम हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर उनके फोटो पर माल्यार्पण कर शत-शत नमन किया। इसके पश्चात उनके द्वारा रस्सा कस्सी एवं बोड़ा रेस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार रॉय ने बताया कि रस्सा कस्सी खेल में चार टीम के 60 प्रतिभागियों ने एवं बोड़ा रेस खेल में कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दोनो खेलों में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले विजेता टीम को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आगे उन्होंने बताया कि स्थानीय खेल के आयोजन से खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा गया। इस मौके पर जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार रॉय, जिला नजारत उप समाहर्ता अमरदीप बलहोत्रा, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### मतदान केंद्रों के भवन और नाम परिवर्तन के लिए बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जर्जर हो चुके मतदान केन्द्रों को प्रतिस्थापित करने हेतु तथा मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर विचार विमर्श हेतु बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से 26 सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में टण्डवा के 04 बुथों का भवन परिर्वतन एवं इटखोरी के 02 बुथों का नाम परिर्वतन तथा 27 चतरा विधानसभा क्षेत्र के प्रतापपुर के 04 , कुन्दा के 01 एवं कान्हाचट्टी के 02 बुथों का भवन परिवर्तन तथा कान्हाचट्टी के 01 बुथ एवं हंटरगंज के 04 बुथों का नाम परिवर्तन को लेकर राजनितिक दल के प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, अनुमण्डल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी संतोष गुप्ता,अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, जिला नजारत उप समाहर्ताअमरदीप बलहोत्रा, राजनितिक दल के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने सुनी जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्या



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन पट्टा से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल थे। इसके अलावा उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा रोस्टर के अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों के शिकायतों का निष्पादन प्रखंड मुख्यालय स्तर पर ही किया जा सके। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

### औद्योगिक प्रतिष्ठानों के अधिकारियों के साथ पंचायत प्रतिनिधि के साथ हुई बैठक



**पतरातू।** पतरातू प्रखंड परिसर स्थित वर्किंग हाल में मंगलवार को प्रखंड के औद्योगिक प्रतिष्ठानों के सीएसआर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख कौशल्या देवी ने की। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे ,उप प्रमुख बबीता पांडे आदि शामिल थे। मौके पर जेएसपीएल, पीबीयूएनएल सीसीएल सहित दर्जनों की संख्या में प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि शामिल थे। मौके पर कंपनियों के सीएसआर विभाग के अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में सीएसआर मद से किए गए एवं किया जा रहे विकास कार्यों की रूपरेखा राखी। बैठक में कई मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में कंपनियों के द्वारा किए जाने योग्य कार्यों की जानकारी दी। और कार्य सीएसआर मद से करने की अपील की। मौके पर अधिकारियों ने कहा कि अगली बैठक में वे और अधिक जानकारी के साथ उपस्थित होकर पंचायत प्रतिनिधियों के मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा। मौके पर मुखिया पानो देवी ,गिरिजेश कुमार, हीरा देवी, जितेंद्र कुमार चितरंजन पटेल बोधी महतो केस्टो महतो नरेश प्रसाद मोहन राम महेश्वर महतो सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि शामिल थे।

### पीवीयूएन पतरातू ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस



**पतरातु।** पीवीयूएन पतरातू ने मंगलवार को उत्साह और उमंग के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। इस अवसर पर, फिट इंडिया प्रतिज्ञा का संचालन जीएम (प्रोजेक्ट) एस के पांडा और जीएम (सी एंड टी & सुरक्षा) देवदीप बोस द्वारा प्रशासन भवन के सम्मेलन कक्ष मे किया गया। प्रतिज्ञा में सभी विभागाध्यक्षों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। यह प्रतिज्ञा खेल के क्षेत्र में निष्पक्ष खेल, अखंडता और सम्मान की भावना को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के रूप में कार्य करती है। पीवीयूएन खेल कौशल, फिटनेस और समग्र कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह एक गतिशील और संतुलित कार्य वातावरण के पोषण के लिए संगठन की अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण था।

# नीरज का कमाल


भारत के ओलिंपिक्स गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी गोल्ड जीत कर देश का सिर ऊंचा कर दिया है। अब तक कोई भी ऐथलीट देश को यह गौरव नहीं दिला पाया था, लेकिन बात सिर्फ इस एक गोल्ड की नहीं है। उनकी इस उपलब्धि के साथ ऐसी कई बातें जुड़ी हैं, जो इसे खास बनाती हैं। पहली बात तो खुद नीरज चोपड़ा की अब तक की यात्रा है। चंद बरस पहले वह बढ़ते वजन से परेशान एक टीनेजर थे। 13 साल की उमर में उनका वजन 80 किलोग्राम हो गया था, जिसकी वजह से उनकी उम्र के दूसरे बच्चे उन्हें चिढ़ाते थे। वहां से शुरू करके नीरज ने न सिर्फ अपने शरीर को साधा, बल्कि अपने मन को अनुशासित कर इस तरह से केंद्रित किया कि लगातार आगे बढ़ते रहे। साल 2018 में एशियाई खेल और फिर कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड, 2020 में टोक्यो ओलिंपिक्स में गोल्ड, 2022 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर, 2022 में ही डायमंड लीग में गोल्ड और 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड लाने का उनका करिश्मा तो बहुत कुछ कहता ही है, सबसे बड़ी बात यह है कि इस दौरान वह अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार करते रहे। अब भी उनका कहना है कि आने वाले कॉम्पिटिशंस में वह और बेहतर परफॉर्म करने की उम्मीद बनाये हुए हैं। 90 मीटर के लक्ष्य तक पहुंचने का उनका संकल्प कायम है। इसी से जुड़ी दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि नीरज चोपड़ा अपने व्यक्तित्व और प्रदर्शन की बदौलत देश के दूसरे ऐथलीट्स के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। बुडापेस्ट में हो रहे वर्ल्ड चैंपियनशिप की ही बात करें तो मेडल भले सिर्फ नीरज चोपड़ा के खाते में आया हो, लेकिन किशोर जेना और डीपी मनु ने भी बढ़िया प्रदर्शन किया। जेना ने 84.77 मीटर के साथ अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दूसरी ओर मनु 84.14 मीटर के थ्रो के साथ छठे नंबर पर रहे। इस तरह पहली बार ऐसा हुआ कि टॉप आठ खिलाड़ियों में तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल रहे। यह इस फील्ड में भारत की मजबूत उपस्थिति दर्शाता है। यही नहीं, वर्ल्ड ऐथलेटिक चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच चुकी और नेशनल चैंपियनशिप की गोल्ड विनर अनु रानी और उनकी तरह के तमाम महिला-पुरुष एथलीट हैं, जिनके लिए नीरज चोपड़ा रोल मॉडल बने हुए हैं। इन सबका मिला-जुला प्रभाव है कि ऐथलेटिक्स के क्षेत्र में आने वाला दौर भारत के लिए उम्मीदों से भरा दिख रहा है। ऐसे समय जब चांद के दक्षिण ध्रुव के पास चंद्रयान उतार कर भारतीय वैज्ञानिक स्पेस एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में अपना झंडा बुलंद कर चुके हैं और शतरंज में प्रग्नानंदा जैसे यंग टैलंट नयी उम्मीदें दिखा रहे हैं, नीरज चोपड़ा की यह उपलब्धि न केवल देशवासियों के मनोबल को और ऊंचा करती है, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी निरंतर बेहतर करने का विश्वास और प्रेरणा देती है।

**ऐसे समय जब चांद के दक्षिण ध्रुव के पास चंद्रयान उतार कर भारतीय वैज्ञानिक स्पेस एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में अपना झंडा बुलंद कर चुके हैं और शतरंज में प्रग्नानंदा जैसे यंग टैलंट नयी उम्मीदें दिखा रहे हैं, नीरज चोपड़ा की यह उपलब्धि देशवासियों के मनोबल को और ऊंचा करती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं, जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ है। प्रधानमंत्री देश के भविष्य के प्रति बहुत आशान्वित हैं। उनका आत्मविश्वास पिछले नौ साल में प्रगति के लिए किये गये अथक परिश्रम के बाद हुई ठोस प्रगति पर आधारित है। 140 करोड़ देशवासियों के धर्म, क्षेत्र, लिंग, जाति, उम्र या जातीय पहचान के आधार पर बिना कोई भेदभाव किये ये प्रयास किये गये हैं। मोदी सरकार की प्रत्येक नीति उनके 'सुधार, प्रदर्शन और बदलाव' के मंत्र को दर्शाती है, जो विशेष रूप से गरीबों और वंचितों को लाभान्वित कर रही है।**

# प्रधानमंत्री का व्यापक दृष्टिकोण-भारत का स्वर्ण युग



पीयूष गोयल



लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की प्रगति और समृद्धि से जुड़े लंबे समय तक चलने वाले स्वर्ण युग के संबंध में अपने व्यापक दृष्टिकोण को अभिव्यक्ति दी है, क्योंकि मां भारती हजारों वर्षों की गुलामी, अधीनता और दरिद्रता के बाद, आत्मविश्वास के साथ फिर से गौरव प्राप्त कर रही है। नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं, जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ है। प्रधानमंत्री देश के भविष्य के प्रति बहुत आशान्वित हैं। उनका आत्मविश्वास पिछले नौ साल में प्रगति के लिए किये गये अथक परिश्रम के बाद हुई ठोस प्रगति पर आधारित है। 140 करोड़ देशवासियों के धर्म, क्षेत्र, लिंग, जाति, उम्र या जातीय पहचान के आधार पर बिना कोई भेदभाव किये ये प्रयास किये गये हैं। मोदी सरकार की प्रत्येक नीति उनके 'सुधार, प्रदर्शन और बदलाव' के मंत्र को दर्शाती है, जो विशेष रूप से गरीबों और वंचितों को लाभान्वित कर रही है। इससे भारत को नौ वर्षों में दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवें पायदान तक पहुंचने में मदद मिली है। भारतीय अर्थव्यवस्था, पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इस प्रगति को ठोस आर्थिक नीतियों, भ्रष्टाचार पर अंकुश, सरकारी खर्च में होने वाली चोरी को रोकने, शासन में दक्षता और पारदर्शिता की वृद्धि तथा उदार कल्याणकारी योजनाओं से गति मिली है।

**भारत देश का आकांक्षी युवा, मांग और उद्यमशीलता की ऊर्जा पैदा कर रहा है।**

**महिलाओं के नेतृत्व में होने वाला विकास :** बदलाव के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में है- भारत में महिलाओं के नेतृत्व में होने वाला विकास। जैसा कि पीएम ने कहा कि भारत में किसी भी अन्य देश की तुलना में महिला पायलटों की संख्या अधिक है और वे चंद्रयान मिशन जैसे उच्च तकनीक कार्यक्रमों में भी सबसे आगे हैं। यह गर्व की बात है कि लड़कों की तुलना में ज्यादा लड़कियां विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीइएम) विषय का चयन कर रही हैं। पीएम का लक्ष्य गांवों में 2 करोड़ लाखपति-दीदी बनाना और ड्रोन के संचालन एवं मरम्मत के कार्य में महिलाओं को शामिल करना है।

बदलाव की इस यात्रा में मोदी सरकार गरीबों को रोटी, कपड़ा और मकान के जीवन पर्यंत चलने वाले संघर्ष से मुक्ति दिला रही है। सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, लगभग 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न, राशन कार्डों की देशव्यापी वैधता, महिलाओं की गरिमा की रक्षा करने वाले शौचालय, प्रत्येक गांव में बिजली आपूर्ति, रसोई गैस, अच्छी सड़कें, स्वास्थ्य बीमा और किफायती इंटरनेट सेवा की सुविधाएं प्रदान की हैं। आवास उपलब्ध कराने और पाइप से पेयजल की आपूर्ति करने की योजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

मोदी सरकार ने अन्य देशों की तुलना में या पिछली सरकारों की तुलना में मुद्रास्फीति को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया है, लेकिन जैसा कि पीएम ने कहा कि इन प्रयासों के बावजूद सरकार आत्मसंतुष्ट नहीं है। देशवासियों पर महंगाई का बोझ कम करने के लिए सरकार कई कदम उठायेगी। प्रधानमंत्री की लोगों का ध्यान रखने वाली और उनके प्रति संवेदनशील नीतियों के कारण पिछले पांच वर्षों में (2021 तक) 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकलने में सफल रहे हैं और वे मध्यम वर्ग की श्रेणी में शामिल हो गये हैं।

एक सहस्राब्दी तक दुःख झेलने के बाद नया भारत आशा, आकांक्षा और महत्वाकांक्षा के केंद्र के रूप में उभर रहा है। देश को बढ़ती युवा शक्ति, महिला शक्ति, मेहनती श्रमिकों और किसानों, प्रतिभाशाली कारीगरों और बुनकरों तथा एक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की संपदा प्राप्त है, जिनके कारण हम दुनिया भर में अपनी पहचान बना रहे हैं।

भारत का आकांक्षी युवा, मांग और उद्यमशीलता की ऊर्जा पैदा कर रहा है। मोदी सरकार आम लोगों को आवास, स्वास्थ्य देखभाल और खाद्यान्न प्रदान करने और करोड़ों लोगों को निर्धनता की बेड़ियों से बाहर निकलने में सफल रही है, विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़ रही है। इससे हमारे लघु व्यवसायों और व्यापारियों के लिए नये अवसर पैदा हो रहे हैं। यह प्रतिभाशाली युवा पुरुषों और महिलाओं को स्टार्ट-अप बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, जो रोजगार की इच्छा रखने वालों को रोजगार प्रदाताओं में परिवर्तित कर रहा है। मोदी सरकार की मुद्रा ऋण योजना के अंतर्गत 8 करोड़ नये उद्यमियों को 23 लाख करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं। इनमें से 70 प्रतिशत महिला उद्यमी हैं और 51 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। 140 करोड़ लोगों की शक्ति और आकांक्षाओं पर आधारित भारत का रूपांतरण आज विश्व को दिखाई पड़ रहा है। आज, महामारी और यूक्रेन संकट के दोहरे आघात के बावजूद भारत को अशांत दुनिया में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में विश्व स्तर पर सराहा जा रहा है।

**घबराया हुआ विपक्ष :** अमृत काल के दौरान आशावाद के इस दौर में, जहां प्रधानमंत्री का दूरदर्शी नेतृत्व भारत को एक विकसित देश बनायेगा, कुछ लोग ऐसे भी हैं जो घबराए हुए हैं। वे तीन बुराइयों : भ्रष्टाचार, वंशवाद की राजनीति और तुष्टिकरण से लड़ने की प्रधानमंत्री की अपील से घबरा गये हैं। उनका डर समझा जा सकता है। सरकार ने प्रभावी कानून प्रवर्तन, प्रौद्योगिकी के उपयोग और पुराने कानूनों - जिनका दुरुपयोग लोगों को परेशान करने और रिश्वत वसूलने के लिए किया जाता था - को समाप्त करने के साथ भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए कई पहलें की हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी सुनिश्चित किया है कि अतीत में तुष्टीकरण की नीतियों के विपरीत, जिनसे सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा है, हर सरकारी पहल में सभी नागरिकों को समान समझा जाये।

प्रधानमंत्री ने वंशवाद की राजनीति की बुराई को सही ढंग से उजागर किया है। राजनीति के इस ब्रांड में, एक विशेष परिवार के सदस्य, जिनके पास योग्यता हो या न हो, के बावजूद, एक राजनीतिक दल के शीर्ष पद पर बने रहते हैं, जबकि एक योग्य पार्टी सदस्य के लिए शीर्ष तक पहुंचने का कोई अवसर नहीं होता है।

इन बुराइयों को समाप्त करने के लिए सरकार के दृढ़ संकल्प ने जनता को प्रोत्साहित किया है, लेकिन कुछ विपक्षी दल उदास हैं। वे अपनी नकारात्मकता को छिपा नहीं सकते। इसमें आश्चर्य की बात नहीं है। घमंडिया गठबंधन, घोटालों से घिरे वंशवादियों का एक समूह है, जो नियमित रूप से तुष्टीकरण को चुनावी माध्यम के रूप में इस्तेमाल करता है। इनमें नकारात्मकता, सत्ता की लोलुपता और तीनों बुराइयों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई के बारे में बढ़ते डर के अलावा कुछ भी समान नहीं है।जब ऐसी पार्टी ने गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया, तो उसे नियमित रूप से लाखों करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन से जुड़े भ्रष्टाचार के घोटालों का सामना करना पड़ा। इस गठबंधन के प्रधानमंत्री ने एक बार कहा था कि यह गठबंधन की राजनीति की विवशता है। इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति नहीं हो सकती कि एक प्रधानमंत्री ईमानदार प्रशासन देने में असमर्थ हो, क्योंकि उसे गठबंधन को बरकरार रखना है। पार्टी को चलाने वाले परिवार ने एक ऐसी व्यवस्था बनाई, जिसने उसे बिना किसी जवाबदेही के सत्ता सौंप दी।

इसके विपरीत, प्रधानमंत्री श्री मोदी के लिए शासन; ईमानदारी, जवाबदेही, पारदर्शिता और नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की ज्वलंत इच्छा से जुड़ा है। प्रधानमंत्री के लिए परिवार का मतलब भारत के सभी 140 करोड़ लोग हैं, जो उनके संवेदनशील नेतृत्व पर भरोसा करते हैं। यही भरोसा उनको भारत का सबसे प्रभावी और सबसे लोकप्रिय प्रधान सेवक बनाता है।

**(लेखक : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# ईचागढ़ विधायक ने पंचायत प्रतिनिधियों और राशन डीलर के साथ की बैठक, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** ईचागढ़ विधायक सबिता महतो ने प्रखंड सभागार में राशन डीलरों,पंचायत प्रतिनिधियों व संबंधित पदाधिकारी के साथ बैठक की। मंगलवार को बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में हो रही समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। उन्होंने डीलरों पर राशन समय पर उपलब्ध कराने, लाभूकों को समय व सही माप से राशन उपलब्ध कराने की मांग की। इस दौरान दिसम्बर माह का राशन नही मिलने व राशन में डीलरों को कटौती करने का मामला छाया रहा। वही अधिकांश राशन डीलरों का अगस्त का अनाज नील होने पर वितरण करने में सक्षम नहीं है। बैठक के दौरान प्रति महिना राशन में कटौती करने से डीलरों का दर्द साफ झलक रहा था। उन्होंने डीलरों को कोरोना काल का कमीशन नहीं मिलने का मामला उठाया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने समय पर राशन उपलब्ध व राशन कार्ड से नाम हटाने व जोड़ने को सुगम बनाने का मांग की। वहीं डीलरों ने समय पर अनाज आपूर्ती करने व कोरोना काल का कमीशन देने की मांग की। विधायक सविता महतो ने दोनों पक्षों का समस्याओं को लेकर उच्च पदाधिकारी से वार्ता कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। विधायक सबिता महतो ने कहा समय पर अनाज आपूर्ती के लिए एमओ को दिशा निर्देश दिया गया। लाभूकों को हर हाल में बीना कटौती किए समय पर अनाज आपूर्ती की जाएगी। आगे किसी भी तरह का शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी। मौके पर सीओ भोलाशंकर महतो, एमओ राजकुमार रजक, एजीएम किरीटी भूषण गोप, विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा, किसुन किस्कू, बिपीन सिंह मुंडा, लक्ष्मी देवी, कृष्ण सिंह मुंडा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पत्रकार और सैनिक संग मनाया रक्षाबंधन

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** भाई बहन का पवित्र पर्व रक्षाबंधन पूरे देश में हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। वैसे रक्षाबंधन से पूर्व शहर के कई संस्थान की महिलाओं व ब्रह्माकुमारी की दीदीओ ने शहर के पत्रकार भाइयो और देश के रक्षा करने वाले जवानों के कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर भगवान से उनके रक्षा करने, उनके स्वस्थ जीवन व लंबी आयु के लिए कामना की।इस अवसर पर ब्रह्मा कुमारीज के बहनों ने शहर के प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत सिंह सहित अन्य पत्रकारों को रक्षा सूत्र बांधकर भगवान से उनके लंबी आयु के लिए कामना की। उधर दूसरी ओर मंगलवार को शहर के कई संस्थानों की महिलाओं ने सोनारी स्थित आर्मी कैंप पहुंच कर देश की रक्षा करने वाले जवानों को राखी बांधकर उनके जीवन की रक्षा वह उनके परिवार में सुख शांति के लिए भगवान से कामना की। मौके पर ब्रह्मा कुमारीज के आभा दीदी ने बताया इस वर्ष रक्षाबंधन के पूर्व शहर के पत्रकारों को राखी बांध कर उनके लंबी आयु का कामना की। उन्होंने बताया भाई बहन के पवित्र रिश्ता को और अच्छे बनाने के लिए हम सभी परमपिता परमात्मा के संरक्षण में आए और उनसे शक्ति को प्राप्त कर अपने जीवन को सुरक्षित बनाये। वहीं सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति की संरक्षक सह समाजसेवी रानी गुप्ता ने बताया हर वर्ष भांति इस वर्ष भी जमशेदपुर सैन्य शिविर में विशेष उत्सव पूर्वक माहौल में भाई-बहन के पवित्र त्योहार रक्षाबंधन के पूर्व खुशी-खुशी देश की रक्षा के सेवा में अनुमूल्य योगदान देने वाले सैनिकों व अधिकारियों रक्षा सूत्र बाध कर उनके मंगल कामना की। वही रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर अस्तित्व संस्था की संस्थापिका व समाजसेवी श्रीमती मीरा तिवारी ने अपने संस्था के सदस्यों के साथ जमशेदपुर के सोनारी स्थित आर्मी कैंप में मौजूद देश की रक्षा करने वाले भारतीय सेना के वीर जवानों की कलाई पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। मौके पर उपस्थित सैनिक भाइयो ने उपस्थित बहनों का उचित सम्मान करते हुए इस त्योहार को मनाया।

## हर हर महादेव संघ की भजन संध्या में पहुंची कल्पना पटवारी

# भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** हर हर महादेव संग के भजन संध्या में शामिल होने के बाद प्रसिद्ध गायिका कल्पना पटवारी पत्रकारों से रूबरू हुई। मंगलवार को उन्होंने पत्रकारों से वार्ता का दौरान उन्होंने कहा बीते 2018 में लौहनगरी जमशेदपुर में आई थी। पांच सालों के बाद भी शहर की जनता में वही सभ्यता देखने को मिली।उन्होंने कहा हर हर महादेव सेवा संघ के कार्यक्रम में ज्यादातर भोजपुरी गायक ही थे। उन्होंने कहा बीते 2002 में अपने करियर की शुरूआत की थी। भोजपुरी भाषा अन्य भाषाओं की तुलना में काफी पीछे है। साउथ की फिल्में ऑस्कर के लिए नॉमिनेट हो रही है। लेकिन भोजपुरी को भारत में ही पूरी तरह से तरजीह नहीं दी जा रही।कारण भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नही किया गया। भोजपुरी भाषा को देश के आठवीं अनुसूची में शामिल ना करवा पाना हम सबकी नाकामयाबी है। उन्होंने कहा कई बुद्धिजिवियों ने इसके लिए आंदोलन भी किया। लेकिन अब तक कोई रास्ता नहीं निकला। उन्होंने कहा जब तक भोजपुरी को अनुसूची में शामिल नहीं किया जाएगा तब तक इसे अपनी पहचान नहीं मिल पाएगी।

**यूट्यूब से स्ट्रगल का दौर खत्म :** कल्पना ने कहा एक दौर था जब लोगों को मुकाम तक पहुंचने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता था। लेकिन आज सोशल मीडिया के दौर में स्ट्रगल खत्म सा हो गया।लोग सोशल मीडिया में अपना हुनर दिखाकर फेमस हो रहे। उन्होंने कहा भोजपुरी में अश्लीलता की जो लोग ऐसे गाने बनाते है उनमें शिक्षा की कमी होती है। उन्होंने माना कुछ गाने ऐसे उन्होंने भी गाए है। लेकिन बाद में एहसास होने पर ऐसे गाने गाना बंद कर दिया। राजनीति पर कल्पना ने कहा अगर राजनीति में जाने का मौका मिला तो जरूर जाना चाहुंगी। लेकिन इससे पूर्व भोजपुरी भाषा के प्रति कुछ करने की इच्छा है जिसे पूरा करने का प्रयास करूंगी।

## विधायक ने हुरलुंग पंचायत-बामनगोड़ा का किया दौरा बैठक कर समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के हुरलुंग पंचायत अंतर्गत लालटांड़ बिंदा बस्ती में ग्रामीणों ने बैठक का आयोजन किया। मंगलवार को बैठक में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी उपस्थित हुए। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए। वही जल्द समस्याओं का समाधान के लिए अश्वाशन दिया। मौके पर मुखिया लीना मुंडा, झामुमो नेता तपन माँझी, सोनाराम लोहरा, कृष्णा लोहार, सुनील कर्मकार, शिव चरण सिंह, साधन कर, रणजीत कर्मकार, कविता कर्मकार, सारथी कर्मकार, पूनम कर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के बामनगोड़ा का दौरा किया। जहा श्री श्री सार्वजनिक काली मंदिर के प्रांगण में स्थानीय लोगों से मुलाकात की। मौके पर स्थानीय लोगों ने सड़क नाली व अन्य समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। विधायक ने समस्याओं का समाधान के लिए आश्वासन दिया। विधायक ने रहरगोड़ा काली मंदिर में माथा ठेक कर क्षेत्र की जनता के लिए खुशहाली का कामना की। मौके पर मिथुन चक्रवर्ती, मनोज यादव, राकेश चक्रवर्ती, जय किशन, मानिक महतो आदि उपस्थित रहे।

# जीआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में इंटर स्कूल हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मेजर ध्यानचंद के 118 वा जयंती के अवसर पर पूरे देश में उत्साह का माहौल। इस अवसर पर टाटा स्टील के द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में इंटर स्कूल हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के फिरोज खान ने बताया एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अलग-अलग स्कूल के 22 बॉयज और 19 गर्ल्स की टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद क्या थे और ओलंपिक में कितना मेडल जीते हैं इस संबंध विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखने को मिला। टाटा स्टील द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सभी ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया।

महत्वपूर्ण न्यूज

## एकल परिवार गढ़वा अंचल के बहियार संच ने सामूहिक रक्षा बंधन पर्व मनाया



**रमना (आजाद सिपाही)।** एकल परिवार गढ़वा अंचल के संच बहियार के द्वारा सामूहिक रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एकल की बहनों ने स्थानीय थाने जाकर सभी पुलिस बल के जवानों को राखी बांधी। इस अवसर पर संच प्रमुख उषा देवी ने कहा कि जो भाई अपने घरों से दूर रहकर दिन-रात क्षेत्र की सुरक्षा देने में लगे हुए हैं उन सभी भाइयों की लम्बी उम्र व दीघार्यु की कामना के साथ हम सभी बहनों ने राखी बांधी। इस मौके पर संच सचिव अर्जुन चौधरी ने कहा कि एकल परिवार के द्वारा राष्ट्र हित की सुरक्षा में कार्य कर रहे लोगों को राखी बांध कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। एकल के आचार्यों ने पुलिस बल के जवानों को राखी बांधी। मौके पर अंचल कार्यालय प्रमुख राम अवतार राम, संच समिति के संजय पासवान, नीरज कुमार, मुन्ना प्रसाद, रामानंद साह, विमला देवी, संगीता देवी, किरण देवी, सुनीला देवी, रीना देवी, रंभा कुमारी, खुशबू कुमारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में खेल दिवस पर कई प्रकार के खेलों का हुआ आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नारायणपुर, टंडवा स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कई प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। बताते चलें कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गढ़वा यहां के बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु हमेशा प्रतिबद्ध रहा है। बच्चों में खेल के प्रति जागरूकता एवं अनुशासन पर उतना ही ध्यान देता है जितना कि पढ़ाई पर। इस अवसर पर मुख्य रूप से वर्ग प्री-नर्सरी से सप्तम वर्ग तक के विद्यार्थियों ने क्रमशः कलर कोण कलेक्शन, फ्रॉग जम्प, कोण चेंजिंग रेस, अरेंज कोण रेस, सट्ल रन, सट्ल रन विथ बॉल एवं कबड्डी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रबंधन सदस्य अनूप सोनी, आलोक सोनी, धीरज राज, आकाश सोनी एवं शिक्षकगण मौजूद थे।

## 30 फुटबाल खिलाड़ियों का कैंप प्रशिक्षण के लिए हुआ चयन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल गढ़वा जिला फुटबॉल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर 30 खिलाड़ियों का चयन कैंप प्रशिक्षण के लिए किया गया है। इन सभी चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कैंप दिनांक 22.08.2023 से प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षक के रूप में बंगाल से आए हुए स्वपन रावत और जिले के कोच जेम्स बाड़ा, विजय सिंह, नीलकंठ सिंह सुबह और शाम प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहे हैं। सभी खिलाड़ियों को फुटबॉल के स्किल, बारीकियों, तकनीक और फिटनेस का व्यावहारिक और सैद्धांतिक क्लास के द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। कैंप का समापन दिनांक 5.09.2023 को किया जाएगा। इस बीच रक्षाबंधन पर्व को लेकर 29 अगस्त से 1 सितंबर तक कैंप स्थगित किया गया है। कैंप में अंतिम रूप से सभी चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। ज्ञात हो कि गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गढ़वा जिला में दिनांक 10.09.2023 से किया जाएगा। जिसमें साउथ ईस्टर्न रेलवे चक्रधरपुर के साथ पूरे राज्य की 24 टीमें शामिल होंगी। यह जानकारी गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा ने दी।

**बैठक :** उपायुक्त ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

# चिह्नित ब्लैक स्पॉट में सुधार कर दुर्घटनाओं में कमी लायें

**सड़क दुर्घटना में घायल की मदद करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने को लेकर की गई चर्चा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला में सड़क हादसों को नियंत्रित करने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर उपयुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः अनुपालन कराने के साथ ही आये दिनों में हो रहे सड़क दुर्घटना के रोकथाम व बचाव हेतु उपायुक्त द्वारा कई आवश्यक बिंदुओं पर कार्य करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें जिले में सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन व सड़क हादसे में कमी लाने, ब्लैक स्पॉट, वल्नरेबल एक्सीडेंटल पॉइंट्स एवं सड़कों के कर्व (टेढ़ी सड़क) स्थलों को चिन्हित करते हुए आवश्यकतानुसार सुधार करने, जिले के सभी मीडिल व हाई स्कूलों में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति बच्चों को जागरूक करने, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड, बिना सीट बेल्ट एवं स्टंट करने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई करने, ब्लड डोनेशन कैम्प के अलावा जिले के सभी थानों में पुलिस कर्मियों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण देने एवं कॉलेज व स्कूल में पढ़ने वालों बच्चों को कार्यशाला के माध्यम से जागरूक करने, हिट एण्ड रन से जुड़े लंबित मामलों का ससमय निराकरण करने, मददगार व्यक्ति का परिचय देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने आदि को लेकर चर्चा की गई।

इस दौरान उपायुक्त श्री जमुआर ने सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सड़क हादसों को कम करने के उद्देश्य से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के अलावा आईआरएडी एप्प पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत व घायलों से जुड़ी जानकारी को अपडेट रखने का निदेश दिया। उन्होंने जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी घटनाओं के डेटा को संग्रहित कर एनालीसिस करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावे उपायुक्त श्री जमुआर ने शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा के दौरान ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि ब्लैक स्पॉट वाली जगह हादसों में कमी लाई जा सके।

बैठक में एसपी अंजनी कुमार झा, एसडीओ श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा डॉ अवधेश सिंह, डीटीओ धीरज प्रकाश, डीएसपी मुख्यालय संतोष कुमार, डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय, बीईईओ रंभा चौबे, सांसद प्रतिनिधि पलामू लोस क्षेत्र प्रमोद चौबे, विधायक प्रतिनिधि भवनाथपुर विस क्षेत्र राजीव रंजन तिवारी, विधायक प्रतिनिधि विश्रामपुर विस क्षेत्र भोला चंद्रवंशी, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य एएन पांडेय समेत एनएचएआई के कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ, पथ प्रमंडल, मेदिनीनगर, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् गढ़वा सुशील कुमार एवं अन्य संबंधित सदस्य उपस्थित थे।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट+2 स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा हॉकी के सम्राट खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर हुई। मौके पर निदेशक ने कहा कि 29 अगस्त को भारत के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस है। इस कारण से भारत में हर साल इस दिन को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल शिक्षक अजय कुमार के साथ-साथ शिक्षक मुकेश भारती, खुर्शीद आलम, आलोक सिन्हा, नरेन्द्र कुमार, संजीव कुमार, निलम कुमारी, सुनिता कुमारी, सरिता दूबे, रिजवाना शाहीन, सुषमा तिवारी, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही। खेलों में जिला स्तर, राज्यस्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल तथा पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिनके नाम क्रमशः विजेता भारती को गोल्ड, मुस्कान तिवारी को गोल्ड, पवल किशोर को गोल्ड, नमन, अविनाश को सिल्वर। वहीं राजीव नयन, अजित, आर्या, संस्कार, कुणाल, रणवीर, सीटू, पीयूष और अमर कुमार को ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए। धन्यवाद ज्ञापन खेल शिक्षक अजय वाल्मीकि ने किया।

## सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज एनएसएस इकाई ने वाक् रेस का किया आयोजन

**वाक् रेस में अंकित पाण्डेय व सुप्रिया कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर मंगलवार को सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) के द्वारा महाविद्यालय परिसर में वाक् रेस का आयोजन किया गया। बालक एवं बालिका वर्ग के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में अंकित पाण्डेय एवं सुप्रिया कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिन्हें मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बालक वर्ग में द्वितीय स्थान पर निखिल तिवारी तथा तृतीय स्थान पर श्रेष्ठ तिवारी रहे। वहीं बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान पर तनु तिवारी तथा तृतीय स्थान पर शालु कुमारी रहीं। सभी सफल प्रतिभागियों को प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार द्विवेदी के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो. द्विवेदी ने कहा कि महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के द्वारा खेल दिवस पर वाक् रेस प्रतियोगिता आयोजित की गयी। एनएसएस बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए समय-समय पर कई आयोजन करती है। उन्होंने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाई दी। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर सभी खेलप्रेमियों को बधाई दी।

मौके पर प्रो. अरुण कुमार तिवारी, प्रो. निकलेश चौबे, प्रो. उमेश सहाय, प्रो. संजय केशरी, प्रो. अर्जुन प्रसाद, प्रो. खुदा बक्श अंसारी, प्रो. सत्यदेव कुमार, प्रो. अरविन्द गुप्ता, प्रो. भरत उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## विद्यालय से चावल और गैस सिलेंडर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना अंतर्गत ग्राम गोदरमाना में स्थित विद्यालय से ताला तोड़ कर दस बोरा चावल एवं दो गैस सिलेंडर की चोरी कर ली गई थी। जिसमें दस बोरा चावल एवं सिलेंडर को बरामद कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। इसके संबंध में जानकारी देते हुए रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि रंका थाना कांड संख्या 132/2023 दिनांक 27.08.2023 धारा - 380/461 भादवि के तहत प्राथमिकी अभियुक्त आनंद तिवारी, उम्र 19 वर्ष, पिता पवन तिवारी, ग्राम चुटिया, टोला गोदरमाना, थाना रंका, जिला गढ़वा को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया है।

## जंगली हाथियों ने घर को किया ध्वस्त



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका वन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरदरी टोला कठौतिया में बीती रात्रि हाथियों ने खूब उत्पात मचाया। हाथियों ने जेठू मांझी का मिट्टी का खपरैल घर को ध्वस्त कर दिया तथा घर में रखे अनाज को खा गए। इस घटना से लोगों में दहशत व्याप्त है। पीड़ित परिवार के लोगों ने वन विभाग से मुआवजा देने की मांग की है।

## कलवार ब्याहुत जयसवाल समाज महिला संगठन ने श्रावणी महोत्सव मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** कलवार ब्याहुत जयसवाल समाज की महिला संगठन की महिलाओं ने टंडवा स्थित शगुन बैंक्वेट हॉल में श्रावणी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कलवार ब्याहुत जयसवाल समाज की महिला संगठन की अध्यक्ष विनिता आनंद ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत पीएन गुप्ता, बबलू गुप्ता एवं शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर संजय गुप्ता की माता सरस्वती देवी एवं अजय आनंद की माता बरत देवी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद स्वागत गान कंचन जायसवाल के द्वारा तथा शिव भजन अंजू देवी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सभी महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जहां छोटे बच्चों ने कविता एवं डांस से सब का मन मोह लिया। वहीं महिलाओं ने जम कर सावन के गीतों पर झूम कर बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पारंपरिक हरे रंग की साड़ी में समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा लेडीज गेम भी इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। महिलाओं और बच्चों ने सावन के गाने और झूले का भरपूर आनंद लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार दिए गए। कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य समाज की सांस्कृतिक विरासत एवं एकजुटता को कायम रखना है। यह एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सकारात्मक सहयोग देने की भावना है। कार्यक्रम में विशेष रूप से समाज के अध्यक्ष विनोद जायसवाल, उपाध्यक्ष पीएन गुप्ता, राजीव कुमार, शगुन बैंक्वेट हॉल के प्रोपराइटर बबलू, उपाध्यक्ष बृज बिहारी प्रसाद, दया शंकर गुप्ता, अरुण कुमार आदि का योगदान था।

## मझिगावां पंचायत की मुखिया ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मझिगावां पंचायत कार्यालय के सभागार में मंगलवार को मुखिया रीता देवी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में रा.उ.म. विद्यालय मझिगावां पूर्व के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल सिंह के द्वारा विद्यालय के बच्चों के सुरक्षा हेतु चारदीवारी व शौचालय निर्माण, प्राथमिक विद्यालय आजाद नगर के प्रभारी प्रधाध्यापक बुद्धिनारायण साह ने विद्यालय में शौचालय व चापाकल नहीं होने की बात कही। वहीं नव प्राथमिक विद्यालय नवडीहवा में प्रभारी महेंद्र राम के द्वारा नए सिरे से चारदीवारी निर्माण की समस्या बतायी। इसके अलावा सभी विद्यालयों के द्वारा छात्रानुपात में शिक्षकों की कमी की समस्या बतायी गयी। वहीं आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा बताया गया कि 8-9 माह से पोषाहार व आंगनबाड़ी के लिए छह जगहों पर भवन का अभाव है, जिससे केंद्र के संचालन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं एएनएम हन्ना तिर्की ने स्वास्थ्य केंद्र मरम्मती व केंद्र तक पहुंच मार्ग तथा पंचायत में ममता वाहन के नहीं होने से परेशानी बतायी तथा राशन डीलर पुष्पा कुंवरके द्वारा बताया गया कि राशन समय पर उनको नहीं मिलता। जिस वजह से कार्डधारकों के साथ अक्सर विवाद होता है। पंचायत केंद्र के सीएसपी संचालक मणिभूषण चौधरी के द्वारा बताया गया कि जन्म प्रमाण पत्र की आईडी उपलब्ध नहीं होने के कारण पंचायत द्वारा निर्गत नहीं किया जा रहा है। उसके अलावे सभी वार्ड सदस्यों ने अपना वेतन नहीं मिलने की समस्या को रखा। समीक्षा बैठक में दो राशन डीलर तथा एक प्रधानाध्यापक के अनुपस्थित रहने पर मुखिया रीता देवी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अगली समीक्षा बैठक में हर विभाग को उपस्थित रहना अनिवार्य है। मौके पर पंचायत सचिव राजेंद्र राम, रोजगार सेवक राजेश शुक्ला, वास सत्यप्रकाश चौबे, अक्षय चौबे, मंगरु राम, सभी स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया सहित कई विभाग के सहयोगी उपस्थित थे।

## एमके इंटरनेशनल स्कूल में श्रावण, रक्षाबंधन उत्सव और राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय एमके इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को श्रावण और रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। साथ ही राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर अभिमन्यु सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीप प्रज्वलन में स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर रे रोज और कोऑर्डिनेटर कृषाणु परुआ भी शामिल थे। इसके बाद प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सिंह ने बताया कि रक्षाबंधन का त्योहार हम कब से और किस लिए मनाते हैं। साथ ही कंचन गुप्ता ने बताया कि श्रावण माह हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। इसके बाद एमके इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने एक-दूसरे की कलाई पर राखी बांधी और इसके बाद नर्सरी से यूकेजी के छात्र शंकर और पार्वती के रूप में कार्यक्रम प्रस्तुत किया और कुछ बच्चों ने श्रावण माह और रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में नृत्य, गान प्रस्तुत किये। वहीं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर एमके इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा अंतर स्कूल दोस्ताना प्रतियोगिता करायी गयी। जिसमें एमके इंटरनेशनल स्कूल और सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों के बीच कबड्डी खेल का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रेफरी सौरभ सर (खेल प्रशिक्षक), जितेंद्र सर, विजय सर, राजेश सर, हरेंद्र सर एवं अन्य प्रशिक्षकों ने मुख्य भूमिका निभाई। इस खेल में दोनों टीम के बच्चों ने उत्साह के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। खेल के निर्णायक चरण में सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चे विजयी रहे। अतः एमके इंटरनेशनल स्कूल में आज का कार्यक्रम बहुत ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।

**कार्यक्रम :** राष्ट्रीय खेल दिवस पर एसडी मेमोरियल स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

# बालक वर्ग में राइजिंग सन और बालिका वर्ग में व्हाइट लायंस की टीम रही विजेता

**विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर किया गया उत्साहवर्धन**




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एसडी मेमोरियल एकेडमी में मंगलवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग में अलग-अलग प्रतियोगिता हुई। बालक वर्ग में राइजिंग सन एवं व्हाइट लायंस के बीच तथा बालिका वर्ग में राइजिंग सन तथा व्हाइट लायंस के बीच कबड्डी प्रतियोगिता गई। जिसमें बालक वर्ग से राइजिंग सन तथा बालिका वर्ग में व्हाइट लायंस की टीम विजेता रही। बालिका वर्ग में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई जिसमें मात्र एक अंक से व्हाइट लायंस मैच को जीतने में सफल रही। बालक वर्ग में भी व्हाइट लायंस तथा राइजिंग सन के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। जिसमें राइजिंग सन ने तीन अंक से व्हाइट लायंस को पराजित कर मैच को जीत लिया। मौके पर उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता, बिरझन राम, सुरकेश बैठा के द्वारा विजेता तथा उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अतिथियों ने कहा कि खेलकूद से अनुशासन की सीख के साथ-साथ तन एवं मन दोनों स्वस्थ रहता है।

बालिका वर्ग व्हाइट लायंस की ओर से कप्तान चंदा, चुनमुन, रिया, रिजवी, वंदना, महिमा, नूरी, रोशन, तारा, कशिश, सना, अंजलि, सपना, निशा, तथा राइजिंग सन की ओर से रानी, तनु, प्रिया, रानी, अनुष्का, कप्तान समरीना, सब्बा, अनुराधा, सुहाना, शबनम, नाज तथा रागिनी कुमारी ने खेल में भाग लिया।

वहीं बालक वर्ग में राइजिंग सन की ओर से कप्तान पवन, आदित्य, अमन, गौतम, आयुष, गुलाम, अनिकेत, अजमेरुल हक, शुभम, अभी सिंह, आलम, दुर्गा दत्त, हिमांशु तथा व्हाइट लाइंस की ओर से कप्तान सानू, आरिफ, आशू, रवि रंजन, प्रिंस, फंटूश, आयुष, राजकिशोर, राजेश, सुमित, पुरुषोत्तम, उज्जवल, शिवम, शशि शामिल थे। रेफरी की भूमिका गौतम कुमार तथा श्यामदेव पांडे द्वारा निभाई गई।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा दर्शक के रूप में विद्यालय के बच्चे तथा कई अन्य लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 30 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in
08

## शिक्षा कर्मी अपनी जिम्मेवारी निभायें : पवन गुप्ता



कुडू/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान डायट चीरी में आयुष्मान भारत के तहत विद्यालय स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम के तहत प्रधानाध्यापकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का सफल समापन मंगलवार को हुआ। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम जेसीईआरटी रांची के निर्देशानुसार सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से संपन्न किया गया। इस बीच दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में प्रधानध्यापकों की भूमिका प्रत्येक मंगलवार को हेल्थ एंड वेलनेस डे आयोजित करते हुए अनुश्रवण सुनिश्चित करना, विद्यालय में प्रश्न पेटी गतिविधि का सफल क्रियान्वन पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। बता दें कि प्रशिक्षक अरुण कुमार दास, विनय कुमार, शोभित तिर्की और ललिता कुमारी ने वर्तमान समय में अत्यंत संवेदनशील किशोरावस्था के मुद्दों को प्रभावी तरीके से प्रशिक्षणार्थियों के समक्ष रखा। इधर डायट प्राचार्य अभिषेक बड़ाइक के मार्गदर्शन में आयोजित उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में संकाय सदस्यों अमृता सिन्हा, रवि शंकर कुमार, श्याम बिहारी महतो, विजय बैठा, महबूब आलम और ललिता कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।13

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक आकाश कुमार साहू द्वारा सेरेंगहातु पंचायत ग्राम में संचालित अवेयरनेस कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। खेल कूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मुखिया शोभा देवी तथा विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आदित्य कुमार साहू उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि आदित्य साहु ने हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी का जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्म दिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना कर हॉकी के जादूगर को श्रद्धांजलि दिया जाता है। खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में फुटबॉल प्रतियोगिता दौड़ और कुर्सी रेस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें फुटबॉल मैच में बिरसा मुंडा ग्रुप ने सुभाषचंद्र बोस ग्रुप को 1-0 से पराजित किया तथा कुर्सी रेस प्रतियोगिता में प्रथम सुहानी कुमारी, द्वितीय महबीस खातुन तथा तृतीय श्रुति कुमारी रहे और दौड़ में प्रथम स्मृति कुमारी, द्वितीय श्रेया किस्पोट्टा और तृतीय स्थान दीपिका कुमारी रहे। मौके पर नवनीत प्रजापति, जया कुमारी, प्रदीप महतो, आकाश कुमार सहित सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएँ मौजूद थे।

## किस्को प्रखंड क्षेत्र के बाजार रक्षा बंधन को लेकर हुए गुलजार



किस्को/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र की बाजारें जैसे-जैसे रक्षा बंधन का त्यौहार करीब आ रहा है वैसे ही क्षेत्र की सभी दुकानें और बाजार गुलजार दिखायी दे रहा है। इधर किस्को मुख्य चौक पर लगने वाली साप्ताहिक मंगलवार बाजार और चौक के सभी प्रकार की दुकानों में राखी और मिठाइयों के अलावा कपड़ा और फल फ्रूट की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी है। यहां पर बता दें कि रक्षा बंधन का त्यौहार भाई बहन के अटूट प्रेम का संदेश देने का काम करता है। बहरहाल आने वाले रक्षा बंधन त्योहार को यादगार बनाने को लेकर क्षेत्र की बहने अभी से जमकर खरीददारी शुरू कर दी हैं और तरह तरह की सामग्रियों की खरीददारी करते हुए दिखाई दे रही हैं।

## बालूमाथ मे रक्षाबंधन पर सजी राखी की दुकानें



बालूमाथ(आजाद सिपाही)। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और स्नेह का त्योहार रक्षाबंधन वृहस्पतिवार (31अगस्त)को बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायतो और कस्बो मे धूमधाम से मनाया जायेगा। भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए बहनें रंग बिरंगी राखी की खरीदारी में जुट गयी हैं। बालूमाथ शहर में राखी की दुकानें सज गयी हैं। वहां राखी खरीदने के लिए बहनों की भीड़ लगी रहती है। भाई-बहन के आपसी प्रेम विश्वास और समर्पण का यह अनूठा पर्व बहन की रक्षा का बोध कराता है। भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच आज भी राखी का त्यौहार बड़े उत्साह और उमंग से मनाया जाना हमारी भारतीय संस्कृति की जीवंतता का परिचायक है। यह पर्व एक तरफ परस्पर दुःख, तकलीफ समझने का प्रयत्न है, तो दूसरी ओर सुख, समृद्धि में भागीदारी बढ़ाने का सुअवसर भी है।

## दिव्यांगता शिविर में 26 दिव्यांगों की जांच



कैरो (लोहरदगा) (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र बीआरसी भवन कैरो में मंगलवार 29 अगस्त को झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा और एलसिको भुनेश्वर के द्वारा दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के पूर्व में जांच किये गये। संतोषी कुमारी, सावित्री कुमारी, सामी उरांव, सुनीता उरांव, अनिल कुजूर, दानिश अख्तर, जुनैद अंसारी, प्रकाश उरांव सहित कुल 22 बच्चो को निःशुल्क सहायक सामग्री दिया गया। वहीं डॉ. तपस कुमार,अनुभव कुमार, पवन कुमार के द्वारा 26 बच्चो का दिव्यांगता जांच किया गया जिसके तहत बच्चो को विकलांगता के आधार पर सहायक सामग्री दिया जायेगा। मौके पर बीआरसी ओमप्रकाश रंजन, शाहदेव भगत, पोली एक्का, शैलेन्द्र कुमार इत्यादि दिव्यांग शिविर मे उपस्थित थे।

## आगामी 2024 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करनी है : नेसार अहमद



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत बैठक हुई। इस बैठक में विशुनपुर विधानसभा के कोऑर्डिनेटर नेसार अहमद, लोहरदगा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुखैर भगत और गुमला जिला कांग्रेस के अध्यक्ष चैतु उरांव विशेष रूप से उपस्थित हुए। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाये जा रहे लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन का उद्देश्य वैसे समर्पित और निष्ठावान कांग्रेसी जो कांग्रेस पार्टी के लिए निरंतर कार्य करते हैं। इसके तहत कांग्रेस के अग्रणी मोर्चा युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस एन एस यू आई, सेवा दल, आदिवासी कांग्रेस, ओबीसी प्रकोष्ठ, एस सी, प्रकोष्ठ और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, को सशक्त और मजबूत बनाकर आगामी 2024 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करना है। बैठक में सनियारो उरांव, रामनिवास प्रसाद, जय नाथ साहू, हाजी सिकंदर, सीमा परवीन, विनय समेत काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रक्षा बंधन उत्सव मनाया गया



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रक्षा बंधन उत्सव मनाया गया। वही भाई बहनों का पावन पर्व रक्षा बंधन के बारे में बताते हुए प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि रक्षा बंधन का त्योहार भाई बहनों के बीच प्रेम और सद्भावना का प्रतीक है। मौके पर जयप्रकाश सिंह, डॉली कविता, मालती कुमारी, गंगा कुमारी, राजकिशोर उराँव, चाँदनी कुमारी, प्रेमशीला उराँव सहित सभी आचार्य आचार्या और छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए समर्पित : डॉ रामेश्वर उरांव

**मंत्री ने किया छह करोड़ 81 लाख 14 हजार 198 रुपए की लागत से 39 योजनाओं का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** मंगलवार को कुडू प्रखंड अंचल कार्यालय में कल्याण विभाग द्वारा आयोजित अनुसूचित जनजाति, जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत योजना सरना, मसना, अल्पसंख्यक, ईसाई, मुस्लिम कब्रिस्तान घेराबंदी ,जनाजा सेड और आधारभूत संरचना निर्माण शिलान्यास कार्यक्रम के तहत वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा किया गया।

वित्त मंत्री ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार सभी वर्गों के सामाजिक विकास के लिए अग्रसर है। यह सरकार आधारभूत संरचना के साथ साथ सामाजिक संस्कृत विकास के लिए जोर शोर से कार्य कर रही है। आज कल्याण विभाग के माध्यम से सरना, मसना,अल्पसंख्यक, ईसाई, मुस्लिम कब्रिस्तान जनाजा सेड और आधारभूत संरचना का निर्माण कुल राशि 6 करोड़ 81 लाख 14 हजार 198 रुपये की लागत से 39 योजनाओं का शिलान्यास किया गया जिससे पूर्वजों और सामाजिक संस्कृत स्थलों का परिरक्षण किया जा सके। विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। मैं अपने दायित्व के लिए सजग हूं और जिले के विभिन्न प्रखंडों में पहुंचकर जनता के सारे परेशानियों को दूर कर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में प्रयासरत हूं। मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना भगत, मुनी देवी, सदरुल आदि उपस्थित थे।

# मरीजों को सभी सुविधाएं गुणवत्ता के साथ ससमय मुहैया करायी जायें: हिमांशु मोहन

**सदर अस्पताल में अल्ट्रा साउंड सेंटर का किया गया शुभारंभ**

**ब्लड बैंक में थैलेसीमिया डे केयर यूनिट का उपायुक्त ने किया शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन के द्वारा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा आईसीयू, ओपीडी, एसएनसीयू, प्रसव वार्ड, एमटीसी, डायलिसिस, जाँच केंद्र, जिरियाट्रिक वार्ड, दवा स्टॉक के साथ विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। सदर अस्पताल में अल्ट्रा साउंड सेंटर का उपायुक्त हिमांशु मोहन ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि अल्ट्रासाउंड मशीन सेवा को सदर अस्पताल में चालू कर दिया गया। अब जरूरतमंद, गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। जिसके आधार पर उनका बेहतर इलाज संभव हो सकेगा। इसके पश्चात ब्लड बैंक, लातेहार में थैलेसीमिया डे केयर यूनिट का उपायुक्त ने शुभारंभ किया। थैलेसीमिया डे केयर यूनिट में थैलेसीमिया के मरीजों का ब्लड ट्रांसफ्यूजन की व्यवस्था की गयी है। बताते चले कि 1 वर्ष से अल्ट्रासाउंड मशीन से कार्य नहीं हो रहा था। अल्ट्रासाउंड शुभारंभ होने से गर्भवती महिलाओं तथा परिजनों में हर्ष व्याप्त है। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, गोपनीय प्रभारी श्री श्रेयांश और संबंधित चिकित्सक उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर इंडोर स्टेडियम में खेल आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इंडोर स्टेडियम लातेहार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा युवक-युवतियों के अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल आवश्यक है। बालक वर्ग में एथलेटिक्स बालक प्रशिक्षण केंद्र लातेहार ने प्रथम स्थान, डे बोर्डिंग वॉलीबॉल सेंटर (टीम अ) ने द्वितीय तथा डे बोर्डिंग वॉलीबॉल सेंटर (टीम इ) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकस्सी के बालिका वर्ग में फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र चंदवा ने प्रथम, डे बोर्डिंग वॉलीबॉल सेंटर टीम अ ने द्वितीय तथा डे बोर्डिंग वॉलीबॉल सेंटर टीम ब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी ने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

1. आकांक्षा नागेसिया ( राज्य स्तरीय 800 मीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार विजेता)
2. प्रेमिका बेक ( राज्य स्तरीय 400 मीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार विजेता)
3. जेनी टोप्पो, शॉट पुट में प्रथम पुरस्कार विजेता
4. संजना एक्का डिस्कस थ्रो में प्रथम पुरस्कार विजेता
5. प्रीति बाड़ा जेवलिन थ्रो में प्रथम पुरस्कार विजेता
6. कुलदीप टोपनो
7. आसिफ खान

इसके साथ ही कई खेल प्रेमी शामिल थे।

# 31 अगस्त से द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भारत स्काउट और गाइड जिला कमिटी लोहरदगा के द्वारा 31 अगस्त से 04 सितंबर तक द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शहर के चुन्नी लाल उच्च विधालय सभागार में आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन लोहरदगा डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा भारत स्काउट और गाइड की झंडा फहरा कर किया जायेगा, जिला सचिव शैलेन्द्र कुमार सुमन ने बताया की लंबे समय के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत लोहरदगा में शुरू की गयी है। कोविड की वजह से भी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभावित रहा। श्री सुमन ने बताया की द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर करने वाले ही छात्र छात्राएं आगे राज्य पुरस्कार और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने का कार्य करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में आने वाले स्काउट और गाइड को एपीआरओ टू के निर्दे शानुसार पूरी वर्दी, कॉपी, पेन-पैंसिल,स्केल, पांच मीटर सूत की रस्सी, चार्ट पेपर, जूता सहित अन्य आवश्यक सामग्री लेकर आना होगा। प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी ने विभागीय पत्र जारी कर दिया है। जिसमें सभी कोटि के मध्य, उच्च और उच्चत्तर विधालय के स्काउट और गाइड प्रशिक्षण सह परीक्षण शिविर में शामिल होंगे, जो पांच दिनों के लिए सुबह के 09 बजे से शाम तीन बजे तक संचालित किया जायेगा। एडवांस कोर्स और एचडब्लूबी होल्डर द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में शिविर प्रधान के रूप में अपनी सेवा देंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन के अलावे स्काउटर बी के बालाजिनप्पा, मुमताज अहमद, रविशंकर मिश्रा,संध्या सिंह, चन्द्रकला देवी, सिस्टर असरीता, सिस्टर उषा, रितीका कुमारी सहित अन्य प्रशिक्षक प्रशिक्षिका मौजूद रहेंगी।

# खेलकूद रोजगार का बेहतर माध्यम : एसडीओ

**शारीरिक और मानसिक विकास हेतु खेल बेहतर प्लेटफार्मः दिलीप टोप्पो**

**बगड़ू थाना क्षेत्र के हिसरी में नव जवान संघ द्वारा आयोजित फुटबाल टूनार्मेंट का रंगारंग समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बगड़ू थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हिसरी मिडिल स्कूल फुटबॉल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न किया गया। इससे पूर्व फाइनल सह समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शरीक हुए लोहरदगा जिला के पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो, विशिष्ट अतिथि एसडीओ अरविंद कुमार लाल, टूनामेंट के मुख्य संरक्षक बगड़ू थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा व अन्य अतिथियों का आयोजन समिति की ओर से ढोल नगाड़े के साथ स्वागत कर मंच तक ले जाया गया। जहां पर सभी अतिथियों का बैच और बुके देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और राष्ट्रगान प्रस्तुत कर खेल का शुभारंभ किया गया। इसके बाद फाइनल मुकाबले में एसटी रॉयल एस्कॉर्ट लोहरदगा की टीम ने ब्लैक आर्मी लोहरदगा को मैदानी प्रदर्शन में ही 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। मौके पर लोहरदगा जिले के पूर्व उपायुक्त प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि दिलीप कुमार टोप्पो ने खिलाड़ियों के द्वारा बेहतर खेल की सराहना करते हुए कहा कि युवा खेल से जुड़ें और आगे बढ़कर क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि युवा नशापान से दूर रहें और पढ़ाई लिखाई कर आगे बढ़ें। इधर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि खेल को आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करें निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। समापन समारोह कार्यक्रम के दौरान कोलकाता के कलाकारों के द्वारा रंगारंग गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया। तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से बगड़ू थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा, एसआई कैलाश कुमार रजक, एएसआई लालजीत तुरी, मुंशी सुलेमान अंसारी, ग्राम पंचायत पाखर के पंचायत समिति सदस्य वीरेंद्र उरांव, पूर्व उप प्रमुख अशफाक, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद थे।

## लातेहार में तीन लाल वारंटी गिरफ्तार



लातेहार(आजाद सिपाही)। लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर स्थायी वारंटी लाल वारंटी की गिरफ्तारी हेतु एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया है। इस छापामारी दल द्वारा अग्रतर कारवाई स्थायी वारंटियों चंदन कुमार, उम्र 36 वर्ष, पे स्व शंकर साथ, सातरवाडीह, बिरेंद्र सिंह उर्फ कुनु सिंह, उम्र 38 वर्ष, पे कमलनाथ सिंह, सा नावाडीह कुसुमटोला, तथा रविंद्र राम, उम्र- 38 वर्ष, पेठ शिव राम, सा सिसी, तीनों थाना व जिला लातेहार को गिरफ्तार किया गया है।वहीं अन्य स्थायी वारंटियों के विरूद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है, ताकि वारंटियों की गिरफ्तारी यथाशिघ्र किया जा सके।छापामारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुअनि शाहरुख, पुअनि राज रौशन सिन्हा, पुअनि देवानन्द कुमार, सअनि रविन्द्र महली , सअनि नागेश्वर महतो सहित अन्य शामिल थे।

## बरवाडीह और छिपादोहर बाजार से हटेगा अतिक्रमण, सीओ ने जारी किया आदेश



बरवाडीह(आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के अंबेडकर चौक बाजार क्षेत्र और छिपादोहर बाजार क्षेत्र मे लगातार होने वाले सड़क जाम से मुक्ति व प्रखंड मुख्यालय के समीप जमीन को किये गये अतिक्रमण से मुक्त करने को लेकर बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय के अध्यक्षता में राजस्व निरीक्षक और राजस्व कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान दुकानदारों से सड़क और प्रखंड मुख्यालय की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने की अपील की है। और एक सफ्ताह के अंदर खाली करने का समय दिया है। बताया की सड़क के किनारे के दुकानदारों द्वारा यदि जमीन को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया तो मापी कराकर बल का प्रयोग करते हुए बाजार के सड़क, नदी किनारे की अतिक्रमण व प्रखंड मुख्यालय के अंबेडकर चौक के आस पास की अतिक्रमण मुक्त किया जायेगा।

## मनिका में मनाया गया 74वां वन महोत्सव पौधरोपण कर पर्यावरण रक्षा का दिया संदेश



मनिका (लातेहार)(आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड के दुंदु पंचायत सचिवालय के समीप 74वां वन महोत्सव अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर विधिवत उद्घाटन विधायक रामचन्द्र सिंह डीएफओ रौशन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इसके लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर डीएफओ, विधायक सहित उपस्थित लोगों के द्वारा पौधारोपण किया गया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि वनों की रक्षा कर आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण देना हमारा कर्तव्य है। मौके पर उपस्थित मीडिया कर्मी समेत उपस्थित अतिथियों को चंदन का पेड़ देकर स्वागत किया गया। मौके पर प्रमुख प्रतिमा देवी, दूंदु पंचायत की मुखिया चांदनी देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, मिथिलेश पासवान, सुरेन्द्र भारती समेत वन कर्मी के साथ कई लोग उपस्थित थे ।

## बेतला में एसबीआइ का एटीएम खोलने का प्रस्ताव



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में प्रखंड में संचालित सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक और एलडीएम के साथ-साथ बीएलबीसी की बैठक आयोजित की गयी। जिसमे जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर भी मौजूद थी। बैठक में मुख्यमंत्री किसी ऋण माफी योजना अंतर्गत दिये गये लाभों की सूची तैयार करने साथ ही प्रखंड क्षेत्र के किसानों को केसीसी के लाभ की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बैंकों को दिया गया। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बेतला नेशनल पार्क क्षेत्र में स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए जल्द से जल्द एसबीआई की एटीएम सेवा शुरू करने का भी प्रस्ताव दिया गया। बैठक में एलडीएम राजीव कुमार मंदीलवाल, शाखा प्रबंधक एसबीआई विवेक कुमार, इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक के साथ-साथ प्रखंड में संचालित अन्य बैंकों के शाखा प्रबंधक मौजूद थे।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में जिज्ञासुओं को बांधी गयी राखी



मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)। मनिका राकृ +2 उच्च वि मनिका प्रधानाचार्य मृगेंद्र नारायण सिंह को रक्षा सूत्र कविता बहन ने बांधा और साथ-साथ सभी शिक्षक गण को बांधा गया। और उसके साथ-साथ मनीका हॉस्पिटल डॉ दिव्य क्षितिज कुजूर प्रभारी मनिका, कमलेश कुमार प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक को आत्य स्मृति का तिलक लगाया गया मधुर रक्षा के प्रतिक मिठाई खिलाया गया। मौके पर कविता बहन ने कहा पवित्रता के प्रतीक रक्षाबंधन का शुभारंभ किया गया। राखी बांधकर भाई-बहनों से बुराई का त्याग करने का संकल्प लिया जाता है। और साथ ही परमात्मा से सुख शांति एवं दीघार्यु के लिए भगवान से प्रार्थना किया। मौके पर कविता बहन बिके ज्योति बहन उपस्थित थी।

## पुलिस ने फरार चल रहे दो अलग-अलग कांडों के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया



बारियातू(आजाद सिपाही)। बालुमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के रहिया व मनातु में छापामारी अभियान चला कर फरार चल रहे। चार अभियुक्त को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि बालुमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को गुप्त सुचना मिली थी के बारियातू थाना कांड संख्या 8/23 के एक अभियुक्त गुडन उर्फ मनोज गंझु, पिता सुदा गंझु ग्राम रहिया थाना बारियातू और थाना कांड संख्या 58/23 के तीन अभियुक्त जिवलाल गंझु, पिता स्वर्गीय कमल गंझु, लाल कृष्ण गंझु, पिता जिवलाल गंझु व कैलाश गंझु, पिता डेगन गंझु, ग्राम मनातु थाना बारियातु जिला लातेहार घर पर आया हुआ है। सुचना पर थाना स्तरीय दो टीम गठित किया गया और छापामारी अभियान चला कर चारों आरोपीयों को अपने अपने घर से गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, पुलिस अवर निरिक्षक बिंन्देश्वर महतो, धर्मेन्द्र कुमार लेंबु सहायक अवर निरिक्षक बालेश्वर गंझु, मिथलेश सिंह के अलावा थाना के कई सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## संयोजिका तथा रसोइया सह सहायिका को पुनश्चर्या प्रशिक्षण

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड अंतर्गत सभी संकुलों के सभी सीआरपी और 2-2 संयोजिका तथा रसोईया सह सहायिकाओं का प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के प्रखंड स्तरीय पुनश्चर्या प्रशिक्षण दिया गया। बीईईओ रामजीवन नायक द्वारा संयोजिका और रसोईयाओं के कार्य और दायित्व के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। सभी संयोजिका को निदेश दिया कि भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाय। नियमित अंतराल पर रसोईघर की साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाय।

## जिला भाजपा महिला मोर्चा ने रिक्शा, ऑटो चालकों और सब्जी विक्रेता भाइयों को रक्षा सूत्र बांधा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष ललिता गुप्ता की अध्यक्षता में गुमला के जशपुर रोड स्थित बजरंगबली मंदिर के बगल में वेंडर मार्केट में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन और और झारखंड प्रदेश की महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर के निर्देशानुसार पूरे देश, पूरे झारखंड प्रदेश में सभी महिला मोर्चा की बहनें स्नेहा यात्रा कार्यक्रम के तहत पूरे जिला में जगह-जगह पर सब्जी विक्रेता और रिक्शा चालक भाइयों एवं ऑटो रिक्शा चालक भाइयों साथ ही फल विक्रेता भाइयों के बीच में रक्षा सूत्र बांधकर उन सभी की लंबी उम्र की कामना करते हुए स्नेह और प्यार का संदेश सभी भाइयों को देकर और उनके जीवन को स्वस्थ और दीघार्यु होने की कामना की गई। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता बहनों द्वारा सभी को रक्षा सूत्र बांधा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री पायल तिवारी, जिला सह मीडिया प्रभारी रेखा सिन्हा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी गुड्डी नन्दा, अनिता सिंह, स्वधा रिमझिम सहित महिला मोर्चा जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बहनें उपस्थित रहीं।

## स्पोर्ट्स अकादमी गुमला ने राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया




गुमला (आजाद सिपाही)। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी गुमला ने राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया । स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक एवं झारखंड हैंडबॉल फेडरेशन के सह सचिव सैयद जुन्नू रैन ने कहा कि हर वर्ष के भांति 29 अगस्त को स्पोर्ट्स अकादमी राष्टीय खेल दिवस पर विशेष आयोजन करती आ रही है। इस राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा दौड़ करायी गई। साथ ही गुमला हैंडबॉल और स्पोर्ट्स अकादमी के बीच हैंडबॉल प्रतियोगिता हुई। साथ ही खिलाड़ियों के बीच विभिन्न तरह के पुरस्कार बांटे गये। मुख्य अथिति के रूप में पूर्व गुमला जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष के.डी.एन सिंह थे। अतिथि के रूप में ई.एच. खान उपस्थित थे। जिन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही होनहार खिलाड़ी को सम्मानित किया। मौके पर स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष हफीजुर रहमान ने सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। मौके पर सीनियर खिलाड़ी में दीपक कुमार, विक्रम राज, नीरज महतो, अनीश, प्रवीण, विजय, शिल्पा कुमारी, बुद्धमनी, रवनीत, जयसूर्या आदि खिलाड़ी मौजूद थे।

## आदिवासी मूलवासी किसान मजदूर बचाओ संघर्ष समिति की बैठक में आंदोलन की बनी रणनीति



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बेथेल रेस्टोरेंट में आदिवासी मूलवासी किसान मजदूर बचाव संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी चार सितंबर को बसिया अनुमंडल स्तरीय महाधरना कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी। जिसमें आयोजक समिति द्वारा निर्णय लेते हुए बताया गया कि कोनबीर भागीडेरा मोड़ से जुलूस के रूप में हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य विषय मणिपुर में आदिवासी समुदाय के ऊपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ और मध्यप्रदेश में एक आदिवासी युवक के मुंह में पेशाब करने का विरोध, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित भारत माला परियोजना के विरोध, गुमला जिला में भूमि संबंधी त्रुटियों को सुधार करने, योग्य और छूटे लोग जो राशन कार्ड से वंचित हैं उन लोगों को प्राथमिकता के आधार पर कार्ड बनवाने के संबध में उक्त धरना का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बैठक में आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में लगभग पांच हजार की संख्या में ग्रामीण उपस्थित होंगे। उक्त कार्यक्रम का संयोजक सुजीत टेटे को बनाया गया है। बैठक में मुख्य तौर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव रोशन बरवा, मंच के संयोजक अजीत गुड़िया, सुजीत टेटे, पीसी बड़ाइक, अमित बघवार, उदित टोप्पो, दाऊद होरो, मसीहदास सुरीन, प्रेमप्रकाश सुरीन, अजीत केरकेट्टा, अरविंद साहू, पौलुस होरो, लाखो उरांव, संजय इंदवार, मुमताज खान, पुष्पा कुल्लू, जागेश्वर लकड़ा आदि शामिल थे।

**कार्यक्रम :** वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत कार्यशाला में जिला वन प्रमंडल अधिकारी ने कहा

# लोग वनाधिकार अधिनियम का दुरुपयोग न कर इसका लाभ उठायें

**कार्यक्रम में वनाधिकार अधिनियम की बारीकियों पर की गई विस्तृत चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नगर भवन में मंगलवार को वनाधिकार अधिनियम 2006 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वनाधिकार अधिनियम की बारीकियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला वन प्रमंडल अधिकारी अहमद बेलाल अनवर, एसडीओ सदर रवि जैन, अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन द्वारा किया गया। यह कार्यशाला मुख्य रूप से सभी प्रखंडों के अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी, वन विभाग के अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया एवं कार्यशाला में एफआरए एनजीओ के सदस्यों द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर ने कहा कि वन क्षेत्र में वर्षों से रहने वाले योग्य व्यक्तियों को वनाधिकार अधिनियम का लाभ मिले यह जरूरी है। यह अधिनियम वनों के संरक्षण के लिए धरातल पर उतारा गया है। उन्होंने कहा कि वन संपदा को बचाना है। न कि उसका दोहन करना है। वनों की रक्षा करना है ना कि उसमें आग लगाना है। वनोत्पाद पर ग्रामीणों का हक है। महुआ, चिरौंजी, पत्ते, सुखे पेड़ की टहनियां का उपयोग ग्रामीण ही तो करते हैं। इसके लिए उन्हें कभी नहीं रोका जाता है। उन्होंने कहा कि वनाधिकार अधिनियम के तहत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक लाभ दिया जाता है। लाभ लेने के लिए कई लोग गलत जानकारियां और दावा प्रस्तुत करते हैं। जबकि वन विभाग 1980 का नक्शा देखकर जमीन की स्थिति बता सकता है। लोग इसका दुरुपयोग न करें बल्कि इस अधिनियम का लाभ उठाएं।

जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम को लेकर वन विभाग, कल्याण विभाग और राजस्व विभाग कार्य कर रहा है। अब तक जिले में 1925 वन पट्टा का वितरण किया जा चुका है। इनमें 1889 व्यक्ति और 36 सामुदायिक वन पट्टा है। जिले के कुल 1711 हेक्टेयर वन भूमि का पट्टा दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा स्तर पर ही दस्तावेज को बेहतर तरीके से तैयार करें ताकि आगे तेजी से निष्पादित हो सके।

मौके पर विशेषज्ञ सुधीर पाल ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम को बेहतर तरीके समझें। यह पहला कानून है जो ग्राम सभा को मिली है। इस अधिनियम में मुख्य भूमिका ग्राम सभा की है। ग्राम सभा को सशक्त कर अधिक से अधिक आवेदन सृजित कर इसका लाभ लिया जा सकता है। मौके पर अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता, एसडीओ सदर रवि जैन आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## नक्सल अभियान के दौरान दिल का दौरा पड़ने से सीआरपीएफ जवान की मौत

**मृतक जवान धीरा सिंह रावत 158 बटालियन में उपनिरीक्षक के पद पर जोरी स्थित सीआरपीएफ कैंप में तैनात थे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के बनालात जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान सीआरपीएफ 158 बटालियन के जवान धीरा सिंह रावत की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ 158 बटालियन के धीरा सिंह रावत नक्सल विरोधी अभियान के तहत जोरी रेहलदाग के जंगल होते हुए जानूपाठ पहुंचे। जहां पर वे अचानक गिरकर बेहोश हो गए। जिसके बाद सीआरपीएफ के चिकित्साकर्मी के द्वारा तत्काल उनका इलाज किया गया, फिर भी उन्हें होश नहीं आया। जिसके बाद साथी जवानों के द्वारा आनन-फानन में उन्हें बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक जवान 158 बटालियन में उपनिरीक्षक के पद पर जोरी स्थित सीआरपीएफ कैंप में तैनात थे। इधर बिशुनपुर पुलिस ने मृतक जवान के शव को गुमला पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जहां से उनके पार्थिक शरीर को उनके घर राजस्थान के अजमेर भेजने की तैयारी की जा रही है।

### पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों ने जताया शोक

इधर जैसे ही साथी जवानों को धीरा सिंह रावत की मौत की सूचना मिली पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों के बीच शोक की लहर दौड़ गई। जवानों ने बताया कि धीरा सिंह रावत काफी मिलनसार व्यक्ति थे और हमेशा ड्यूटी में मुस्तैद रहते थे। अचानक दिल के दौरा पड़ने से उनके निधन पर सभी जवान स्तब्ध हैं। इधर उनके निधन पर 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी संतोष कुमार पाल, अभियान एसपी मनीष कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट सुधीर कुमार शर्मा, बिशुनपुर थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, गुरदरी थाना प्रभारी सदानंद सिंह, पुलिस के कई वरीय पदाधिकारी ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## 20 सितंबर को बाबूलाल मरांडी के सिसई आगमन की तैयारी को लेकर की गयी चर्चा

**भाजपा की सिसई विधानसभा स्तरीय बैठक में संकल्प यात्रा को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार की बनी रणनीति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड के रणजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा स्कूल सभागार में भाजपा की सिसई विधानसभा स्तरीय बैठक हुई। बैठक में 20 सितंबर को संकल्प यात्रा के क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के सिसई आगमन की तैयारी को लेकर चर्चा की गई।

संकल्प यात्रा के दौरान सिसई ब्लॉक मैदान में जनसभा का आयोजन करने व भाजपा नेताओं के संबोधन की तैयारी को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार करने की रणनीति बनाते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए सिसई विधानसभा के पांचों भाजपा मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया।

मौके पर पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, जिला अध्यक्ष अनूप चन्द्र अधिकारी अमन यादव, किरण बाड़ा, बसन्त कुमार यादव, बालकेश्वर सिंह, लाल मोहन साहु, लक्ष्मी नारायण यादव, बालेश्वर उरांव, अकीर्तानन्द देवघरिया, सुखलाल राय, प्रवीण ओहदार, संजय महतो, मोहन उरांव, अनिल कुमार साहू, भैरो सिंह खेरवार, संतोष पंडा, सुमित महली, नन्द किशोर सिंह, अशोक केशरी, नेसार खान, पीके सिंह, श्रीराम केशरी, जगजीवन सिंह, लक्ष्मण सिंह, रंजीत साहू, शिव महतो, सुमेश्वर उरांव, विजय सिंह पिंटू, बैजनाथ गोप, राजेन्द्र साहू, रामजीत साहू, राजकुमार सिंह, विनोद भगत, अंकित मिश्रा, कृष्णा साहू, मुकेश नाग, अरुण नाथ, भूषण सिंह, राजेन्द्र साहू, रामजीत साहू समेत सिसई, पुसो, भरनो, बसिया व कामडारा मंडल के कई पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** भास्कर एजुकेशन एकेडमी में रक्षा बंधन त्योहार का किया गया आयोजन

# छात्राओं ने एसपी और पुलिस अधिकारियों को राखी बांध कर लिया रक्षा का वचन

**राखी मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत**

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाघरा।** राखी का त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान है इसी पहचान को बनाये रखने के लिए भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में राखी के इस पावन त्योहार का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारीब ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस फोर्स सदैव समाज के लोगो के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें यह याद दिलाता है कि बहनें हमारे जीवन में कितना महत्व रखती हैं। आगे उन्होंने राखी के महत्व को बताते हुए कहा कि भाइयों और बहनों के लिए रक्षा बंधन का एक विशेष महत्व है। यह त्योहार सिर्फ सामान्य लोगों द्वारा ही नहीं मनाया जाता है, बल्कि इसे देवी-देवताओं द्वारा भी भाई-बहन के इस पवित्र रिश्ते को कायम रखने के लिए मनाया जाता है। विद्यालय में राखी मेकिंग कॉम्पिटिशन का भी आयोजन किया गया। जिसमें क्लास नर्सरी से सातवीं तक की छात्रों के बीच राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। चयनित प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक नितेश रंजन भास्कर, शिवम मिश्रा, रुचिका, निशा कुमारी, रीता देवी, अर्जुन कुमार, सिद्धार्थ दीक्षित, सोनी कुमारी, सारिका साहू, किरण कुमारी, संध्या, प्रियंका सहाय, सुभद्रा देवी, फुलेश्वरी सिंह, सपना कुमारी, आशा टोप्पो शिक्षकों और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पुलिस की नकारात्मक छवि को बढ़ाने के बजाय वास्तविकता में उनके पराक्रम को बतायें : नितेश रंजन भास्कर

मौके पर विद्यालय के निदेशक नितेश रंजन भास्कर ने कहा कि कुछ लोग पुलिस की एक नकारात्मक छवि को गढ़ने का प्रयास करते रहे हैं। जबकि यह वास्तविकता है कि कोरोना की वीभत्स आपदा के दौरान देश में लगातार कोरोना योद्धा के रूप में डॉक्टरों और पुलिसकर्मियों ने सराहनीय कार्य किया है। इसीलिए इस बार राखी का यह पवित्र त्योहार विद्यालय के बच्चों ने गुमला एसपी ऑफिस में जाकर अपने वीर भाइयों के साथ मनाया। हमें इस महान और पवित्र त्योहार के आदर्श की रक्षा करते हुए इसे नैतिक भावों के साथ खुशी-खुशी मनाना चाहिए। विद्यालय के बच्चों ने पुलिस के प्रति इस जज्बे के लिए शुभकामनाएं दी और सभी बच्चों को मिठाई खिला कर सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता जाहिर किया।

## विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर में रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार धूमधाम से मनाया गया।विद्यालय की बहनों द्वारा भाइयों के हाथ में रक्षा सूत्र बांधकर यह कामना की गयी कि हमारे भाइयों अपने लक्ष्य की प्राप्ति की ओर आगे बढ़े, वही भाइयों ने भी अपने बहनों की रक्षा करने ओर अपने भाई होने का दायित्व निभाने की कसम खायी।इसके साथ ही प्रखंड के पंथा पंचायत में शिशु विद्या मंदिर की छात्राओं के द्वारा पंथा ग्राम वासियों को भी राखी का पवित्र बंधन बांधा गया। इस मौके पर शिशु विद्या मंदिर के प्रधान अध्यापक अभिमन्यु महतो एवं पंचायत के मुखिया एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य सह समाजसेवी दिलीप बड़ाइक को राज्यपाल ने किया सम्मानित




**जारी (आजाद सिपाही)** जारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य सह समाजसेवी दिलीप बड़ाईक को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र और मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। साथ ही दिलीप बड़ाईक को आगे भी समाजिक सेवा करते रहने की बात कही। ज्ञात हो कि दिलीप बड़ाईक विगत कई वर्षों से शैक्षणिक, स्वरोजगार खेल सहित अनेकों समाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहकर समाज सेवा कर रहे हैं। जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक ग्रामीण क्षेत्रों में गांव गांव में जाकर जनजागरूकता अभियान के माध्यम से बेटियों और महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे आकर काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही किसी के परिवार में किसी भी तरह की दुख तकलीफ होती है तो उन परिवारों को मदद करने के लिए हमेशा आगे रहते हैं। किसी गरीब के घर में अकास्मिक किसी का निधन हो जाता है तो उस परिवार में पहुंचकर अपने स्तर से आर्थिक मदद से लेकर सरकारी सहायता प्रदान कराने में सहयोग करते हैं। जिला परिषद सदस्य सह समाजसेवी दिलीप बड़ाईक ने कहा कि किसी को भी किसी भी तरह की परेशानी हो हमें सूचित करें मैं हरसंभव मदद करने के लिए तैयार हूं। मेरा मोबाइल हर समय खुला रहता है। रात में भी किसी भी समय अगर परेशानी हो तो निःसन्देह फोन करें मैं मदद करने के लिए हर समय तैयार हूं।

### विहिप मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी ने सिसई व पुसो थाना में जवानों को राखी बांध कर लिया सुरक्षा का वचन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनों ने मंगलवार को सिसई व पुसो थाना पहुंचकर पुलिस अधिकारी व जवानों की कलाई पर राखी बांधकर बहनों की सुरक्षा का वचन लिया। तिलक लगाने, राखी बांधने, मिठाई खिलाने के बाद आरती उतारकर बहनों द्वारा अधिकारीयों व जवानों से रक्षा का वचन मांगने का दृश्य काफी मार्मिक था। इंस्पेक्टर एसएन मण्डल, सिसई थानेदार आदित्य कुमार चौधरी, पुसो थानेदार सत्यम गुप्ता, एसआई भवेश कुमार, मीनकेतन कुमार, एएसआई संजय ठाकुर, मिंटू कुमार सहित पुलिस जवानों ने बहनों का आभार जताते हुए कहा कि बहनों द्वारा दिया गया आदर और मान सम्मान बहनों से दूरी का एहसास कम कर दिया। सभी ने देश, समाज व बहनों की मान सम्मान की रक्षा करने का संकल्प लिया। मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की बहन मंजू उरांव ने कहा भाई बहन का प्रेम का त्यौहार में सभी भाई बहनों से राखी बंधवाने की हार्दिक इच्छा रखते हैं, किन्तु अपने कर्तव्यों के कारण सेना व पुलिस के अधिकारी व जवान अपनी बहनों से राखी नहीं बंधवा पाते हैं, जो उन्हें त्यौहार के दिन काफी तकलीफ देता है। परिवार व बहनों से दूर होने के बाद भी उन्हें बहनों की कमी व दूरी का एहसास न हो इसलिए दुर्गा वाहिनी की बहनों ने राखी बांधकर बहनों की कमी दूर करने का एक छोटा प्रयास किया है। राखी बांधने में मंजू उरांव, दिब्याणी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, मालावती कुमारी, जसमती कुमारी, सुषमा कुमारी, राम रक्षक पूर्णिमा देवी शामिल थी। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के जिला सह मंत्री मनीष बाबू, लोहरदगा जिला संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा, प्रखंड मंत्री उदय कुशवाहा, संयोजक सौरभ ताम्रकर,नागेश्वर नाग,अमर कुमार साह शामिल थे।

### घाघरा छठ घाट पर कांवरिया संघ की गंगा आरती में उमड़े हजारों लोग



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** कांवरिया संघ छठ नगर द्वारा सोमवार की देर शाम छठ घाट घाघरा में गंगा आरती का आयोजन किया। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इस क्रम में काशी विश्वनाथ के दशाश्वमेध घाट के तर्ज पर गंगा आरती किया गया। इस क्रम में हनुमान चालीसा, गंगा आरती का पूजन पाठ आचार्य प्रमोद पाठक द्वारा कराया गया। साथ ही कांवरिया संघ द्वारा भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर कांवरिया संघ के सदस्यों ने बताया कि यह गंगा आरती का कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। जो अनवरत अब प्रत्येक वर्स सावन के अंतिम सोमवार को की जाएगी। इस मौके पर उपस्थित लोगों में अमित ठाकुर, आशीष सोनी, नीरज जायसवाल, राहुल कुमार, दीपक कुमार, विक्की कुमार, जसवंत महतो, नीरज सिंह, अरशराज गुप्ता, रूपेश साहू, आशीष सोनी सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 2 सितंबर को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मेदांता रांची एवं रोटरी क्लब गुमला सिटी के द्वारा 2 सितंबर 2023 दिन शनिवार को 11:00 बजे सुबह से विशेषज्ञ चिकित्सा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन रोटरी भवन पालकोट रोड गुमला में किया गया है। जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीरज, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमूल्या स्वाति, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीलेश मिश्रा, कान नाक गला विशेषज्ञ डॉक्टर कृष्ण के दास एवं अन्य चिकित्सकों द्वारा जांच की जाएगी। जिसमें ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, नाक, कान, गला की जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। लोग रोटरी क्लब द्वारा आयोजित शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** करौंदी मालवीय नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को भव्य रूप से विश्व शांति के उद्देश्य से पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम एवं पूजन का आयोजन किया गया। इसमें परिवार्जक बलिराम भगत एवं ब्रह्मदेव जी के द्वारा हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। साथ ही रक्षाबंधन के अवसर पर भाई बहनों के बीच प्यार सौहार्द का भाव सदैव बना रहे को लेकर महायज्ञ के दौरान विशेष आहुति एवं पूजन भी कराया गया। हवन के पश्चात प्रसाद के रूप में अमृतासन का सुस्वाद प्रसाद का आए हुए भक्तों के बीच में वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रह्मदेव जी, प्रमोद सिंह, लक्ष्मी विश्वकर्मा, सरस्वती सिंह, गौरी सिंह, कृष्ण देव सिंह, नीता सिंह, सीमा देवी, लक्ष्मी देवी, केसरी देवी, प्रतिमा देवी, मीरा देवी, सोनू पंडा, सुनील कुमार दास, संदीप स्वरूप, विजय कुमार साहू, मुरली मनोहर, पल्लव अभिषेक सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

# समाजसेवी ज्योति प्रकाश की पुण्यतिथि पर लोंगो ने किया याद



स्वर्गीय ज्योति प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी साहित्यकार ज्योति प्रकाश जी को उनकी पुण्यतिथि की संध्या पर शहर के लोगों ने खूब याद किया। कई समाजसेवियों ने उनके बारे में अलग-अलग खूबियों के बारे में बताया है और सभी ने कहां कि ज्योति बाबू पलामू के मसीहा थे उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## मोहन सिनेमा से कई यादें जुड़ी है : विजय ठाकुर



प्राइवेट बस स्टैंड के बगल में नाइ की दुकान करने वाले विजय ठाकुर ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी को याद करते हुए बताया कि एक समय था जब ज्योतिन चाचा जी के द्वारा बनाया गया मोहन सिनेमा हॉल चला करता था और 11:00 बजे दिन में मंडल दादा द्वारा जनरेटर स्टार्ट करते ही घंटी और जनरेटर की आवाज से भीड़ जुटनी शुरू हो जाती, सारे ठेले खोमचे वाले सिनेमा हॉल के आसपास अपनी रोजी-रोटी शुरू कर दिया करते थे, हम सबों के दुकानों में भीड़ बढ़ जाया करती थी और रात को 12:00 बजे तक पूरा एरिया चहल पहल रहता था। चाचा जी बहुत अच्छे दिल के इंसान थे कोई भी उनके पास मदद के लिए जाता खाली हाथ नहीं लौटता था। हम लोग सिनेमा टुकड़े-टुकड़े में देखा करते थे जब भी फुर्सत मिलता चले जाते थे चाचा जी के तरफ से मोहल्ले वालों को कभी रोका नहीं जाता था। अब मेरी दुकान गीता मंदिर के परिसर में चली गई लेकिन वहां की यादें आज भी दुकानों में चर्चा हुआ करती है।

## ज्ञान शंकर सार्वजनिक दुर्गा मंडप बनाने में अहम भूमिका : प्रभात अग्रवाल



व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के को याद करते हुए बतायें ज्योतिन चाचा जी शिक्षा, साहित्य और संगीत के शौकीन के साथ-साथ एक कुशल और दूरदर्शी व्यवसायई भी थे। उन्होंने 1940 में मोहन सिनेमा हॉल का उस वक्त निर्माण कराया जब पूरा एकीकृत बिहार में मात्र दो सिनेमा हॉल हुआ करता था। प्रभात अग्रवाल ने बताया चूंकि चाचा जी हर वर्ष कोई ना कोई चाहे साहित्य हो या संगीत का कार्यक्रम कराया करते थे और हम सब उस वक्त कॉलेज में पढ़ा करते थे तो उनके साथ हम सब को खास कर मुझे हर कार्यक्रम में भागीदारी निभाने का मौका मिला करता था मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। वे पान के बहुत शौकीन थे उसी वक्त मुझे भी पान की आदत लग गई। चाचा जी युवाओं को बढ़ाने और दान-पुण्य में बहुत विश्वास करते थे। शहर का कोई भी कार्यक्रम हो उनके बिना अधूरा रहता था। आज शहर के बीचो-बीच अपने छोटे पुत्र ज्ञान शंकर के नाम से उन्होंने ज्ञान शंकर सार्वजनिक दुर्गा मंडप बनाने में उनकी अहम भूमिका रही। आज मैं उनके दोनों पुत्र आनंद शंकर और ज्ञान शंकर को उनके पद चिन्ह पर चलते देखा तो बहुत खुशी होती है।

## बिस्मिल्लाह खां, किशन महाराज, गिरिजा देवी को सुनने का अवसर दिया स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी ने : नवल तुलस्यान




स्वर्गीय ज्योति प्रकाश समाज के धरोहर थे जो एक साहित्यकार के साथ-साथ शास्त्रीय संगीत के प्रेमी भी थे। जब तक वह स्वस्थ रहे हम पलामू वासी भारत के सभी बड़े शास्त्रीय संगीत कलाकारों को देखने और सुनने का अवसर मिलता रहा। होली के बाद हर वर्ष हमारा शहर शास्त्रीय संगीत के रंग में ढल जाया करता था। हम शहर वासियों ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के प्रयास से पद्मश्री बिस्मिल्लाह खान, गिरिजा देवी,कृष्ण महाराज, गोदई महाराज, सितारा देवी, प्रतिमा बेदी, भीजी जोग जैसे कई दिग्गज कलाकारों को सुनने और देखने का आनंद लिया। आज उनके जाने के बाद हमारे शहर में शास्त्रीय संगीत की दुनिया में एक सन्नाटा छा गया है।

## रोटरी स्कूल बनाने में अहम योगदान : राजेश्वर पांडे



स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। मुझे उनके साथ काम करने का काफी अवसर मिला। पेसे से वकील राजेश्वर पांडे ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी को याद करते हुए कहां स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी दोस्तों के दोस्त थे जब स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के बड़े पुत्र आनंद शंकर जी का जन्म हुआ उस वक्त हम रोटेरियन दोस्तों ने बेटे के जन्मोत्सव की पार्टी के जगह समाज के बच्चों के लिए उनसे एक स्कूल बनाने की बात कही और उन्होंने उसे स्वीकारते हुए रोटरी स्कूल बनाने का घोषणा किया जिसका नामकरण आनंद शंकर बाल विद्या मंदिर रखा गया। जिसमें आज समाज के हजारों बच्चे पढ़ रहे हैं। आज उसी स्कूल का नाम रोटरी स्कूल आनंद शंकर है। उनकी बहुत सारी कृतियां, मंदिर कॉलेज,हॉस्पिटल समाज में आज भी स्थापित है। मुझे खुशी है कि आज उनके दोनों पुत्र आनंद शंकर, ज्ञान शंकर और उनकी पुत्र वधु प्रथम महापौर अरुण शंकर उनके पद चिन्ह पर चलकर समाज में उनका नाम रोशन कर रही हैं।

## साहित्य संगीत और शिक्षा के संगम का नाम ज्योति प्रकाश : देवव्रत



स्वर्गीय ज्योति प्रकाश भैया मेरे बड़े भाई समान थे। मैंने उनको काफी करीब से देखा था। शायद ही शहर में कोई ऐसा व्यक्ति हो जिन्हें उनसे कोई कष्ट पहुंचा हो। पत्रकार देवव्रत जी ने उनको याद करते हुए कहा कि साहित्य,संगीत और शिक्षा के संगम का नाम था ज्योतिन भैया। उनके जीवन काल तक भारत का कोई शास्त्रीय संगीत कलाकार या साहित्यकार नहीं था जो पलामू की धरती पर उनके द्वारा नहीं बुलाया गया। ज्योति भैया दान-पुण्य में भी काफी विश्वास रखते थे यही कारण है कि आज भी कई स्कूल, कॉलेज, मंदिर में उनके नाम लिखे मिलेंगे। मुझे खुशी है कि आज भी उनका परिवार उनके पद चिन्ह पर चल रहा है। यही कारण है कि बड़ी बहू अरुण शंकर उनके पुण्य प्रताप से शहर की प्रथम महापौर बनने का अवसर प्राप्त किया।

## प्रथम टीवी वार्ड स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी की देन : डॉ आरपी सिन्हा



शहर के जाने माने चिकित्सक डॉ आरपी सिन्हा ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी को याद करते हुए कहा कि एक समय था जब टीवी के रोग से लोग मरा करते थे, दवा तक की किल्लत रहती थी, लोग छुआछूत की बीमारी समझते थे। उसी वक्त वक्त कुछ डॉक्टर स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के पास दवा दान के लिए आग्रह करने पहुंचे तो उन्होंने दवा दान के साथ-साथ सहर्ष सरकारी अस्पताल कैंपस में एक टीवी वार्ड का निर्माण करने की घोषणा की और 5 माह में उसका निर्माण करा कर समाज को समर्पित किया था जिसका नाम उस वक्त के सिविल सर्जन ने ज्योति प्रकाश टीवी वार्ड₹ रखा था। सरकारी ब्लड बैंक के निर्माण में भी उनकी अहम भूमिका रही है। उन्होंने जय भवानी संग को आईटीसी ग्रुप द्वारा प्रतिमा बेदी का प्रोग्राम स्पॉन्सर्ड करा कर ब्लड बैंक के भवन को पूरा करने में सहयोग किया। समाज में उनके कई योगदान है जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। मैं उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं।

## हजारों लोगों को रोजगार दे रहा ज्योति प्रकाश जी का परिवार : सरस जैन



शहर के मशहूर चार्टर्ड अकाउंटेंट सरस जैन ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के परिवार के बारे बताते हुए कहा कि उनके दोनों पुत्र आनंद शंकर, ज्ञान शंकर और अब दोनों पुत्रों के पुत्र स्त्रोत शंकर और आकर्ष आनंद अपने पिता के व्यवसाय को आगे बढ़ते हुए आज हजारों लोगों को रोजगार दे रहे हैं जो एक पुनीत कार्य है। चार्टर्ड अकाउंटेंट सरस जैन ने बताया कि जहां यह परिवार हेरिटेज इंटरनेशनल और जेनी किड्स स्कूल का संचालन कर रहा है वही ज्योति प्रकाश जी के नाम पर स्थापित ज्योति प्रकाश विद्यापीठ निशुल्क स्कूल और ज्योति प्रकाश महिला बीईडी कॉलेज का भी संचालन कर रहा है। जहां आनंद मोटर्स महिंद्रा शोरूम, हीरो आनंद ऑटो बाइक्स का संचालन हो रहा है।वही हेरीटेज टोयोटा का भी संचालन कर रहा है, जहां राज्य और अन्य राज्य में होटल चल रहे है वहीं डाल्टनगंज और अन्य राज्य में पीवीआर स्क्रीन का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा कई कार्य किये जा रहे जिससे हजारों लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा रहा जो एक पुनीत कार्य है और यह सब बिना स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के आशीर्वाद के असंभव था। मैं ढेर सारी शुभकामनाएं इस परिवार को देता हूं।

## साहित्यकारों के मसीहा थे ज्योतिन बाबू : कयूम रूमानी



शहर के मशहूर शायर कयूम रूमानी ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी को याद करते हुए कहा कि ऐसा व्यक्तित्व बीरले पैदा होता है जो स्वभाव से सरल और खुले हाथ का किसी को निराश नहीं करने वाले व्यक्ति थे। वे पलामू के साहित्यकार और संगीतकार के मसीहा थे जोतीन बाबू। जब भी समाज में उनकी आवश्यकता हम लोगों को महसूस हुई हमेशा वह हम सबों के लिए तैयार रहते थे। उनके जीवन काल तक पलामू में भारत के साहित्यकारों एवं संगीतकारों के साथ-साथ शहर के जिले के साहित्यकारों एवं संगीतकारों को मंच और सम्मान मिला। आज उनकी याद और कमी हम लोगों को खलती है। मैं उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं।

## मनरेगा बीपीओ ने कर्मियों के साथ की बैठक, दिये कई दिशा निर्देश



**हुसैनाबाद(आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को मनरेगा कर्मियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा ने की।बैठक में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता तथा अन्य मनरेगा कर्मी शामिल थे। बैठक में बीपीओ श्री मिश्रा ने उपस्थित मनरेगा कर्मियों को फेज-2 में 50 एकड़ में बागवानी योजना हेतु लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रारंभ करना, बिरसा सिचाई कूप योजना में प्रति पंचायत 24 कूप की स्वीकृति तत्काल देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पोटो हो खेल मैदान बिकास योजना अंतर्गत दो खेल मैदान की स्वीकृति, मानव दिवस सृजन करने व मनरेगा कार्यो में तेजी लाने को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर मनरेगा के सहायक अभियंता अमित कुमार, कनीय अभियंता नीरज गुप्ता, रोजगार सेवक अरुण कुमार, उमेश चौधरी, सफी आलम समेत कई अन्य मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

## चांपी गांव में बढ़ा डायरिया का प्रकोप

**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड के चांपी गांव में नंदकिशोर सिंह पत्नी अंजलि देवी, सोमरी कुंवर पति स्व रामदास सिंह, लक्ष्मी देवी पति बंशी यादव समेत लगभग आधा दर्जन लोग डायरिया से पीड़ित हैं, लोगों को उल्टी और दस्त हो रही है। जिसमें अंजली देवी को नवजीवन अस्पताल तुंबागाड़ा में भर्ती कराया गया। उक्त घटना की जानकारी चांपी निवासी समाजसेवी अघन सिंह ने पत्रकारों को दिया। साथ ही अपने क्षेत्रीय विधायक शशि भूषण मेहता को भी घटना की जानकारी देते हुए जांच टीम की मांग की है। आगे उन्होंने कहा कि समय रहते अगर कंट्रोल नहीं किया गया तो यह जानलेवा बीमारी पूरे गांव में फैल सकती है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिंहा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सर्पदंश से नारायणपुर गांव के युवक की मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सर्पदंश से नारायणपुर गांव के युवक की मौतहुसैनाबाद प्रखंड के नारायणपुर गांव निवासी लक्ष्मण राम का 20 वषीर्या पुत्र आईटीआई मेदिनीनगर का छात्र धीरज कुमार की सर्पदंश से मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि घर के बाहर लकड़ी रखा हुआ था,और वह हाथ से लकड़ी पकड़ कर जैसे ही उसपर बैठने लगा। विषैले सांप ने उसके हाथ में डंस लिया। आनन -फानन में परिजनों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिकी उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने शव लेकर हुसैनाबाद अस्पताल में पहुंच कर इस घटना की सूचना थाना को दी। हुसैनाबाद पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से बयान लेकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौप दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूर्व बिधायक सह राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, राजद के प्रदेश सचिव जाकिर अली उर्फ राज अली आदि ने अस्पताल पहुंच कर परिजनों को ढाढ़स बंधाया और आपदा प्रबंधन से उचित सहायता राशि दिलाने का भरोसा दिया है। इस घटना से गांव में भी शोक हैं।

## जागरण में भक्ति गीतों से रातभर सरावोर रहे श्रोता

**कार्यक्रम में शशि म्यूजिकल ग्रुप म्यूजिकल ग्रुप द्वारा एक से एक बढ़कर भक्ति जागरण प्रस्तुत किया गया जहां लोगों ने भक्ति जागरण का खूब आनंद लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर के प्रांगण में सनातन धर्म सभा केन्द्रीय समिति नीलांबर पीतांबबरपुर के तत्वावधान में सोमवार को श्रावणी महोत्सव के मौके पर रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने फीता काटकर किया। जहां सभा के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें फूल माला तथा अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व थाना परिसर में स्थित थानेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिए



अमन-चैन की कामना किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे की भावना पनपती है। लोग आपसी वैमनस्यता को भूला कर धार्मिक अनुष्ठानों में लीन हो जाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर हूं। सनातन धर्म के लिए सड़क या सदन में हमेशा आवाज बुलंद करता रहुगा। धर्म रक्षा से बढ़ कर कुछ नहीं है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चंद्रयान-3 सफल मिशन के लिए जमकर तारीफ किया। उन्होंने कहा कि अब चंदा मामा पर भी शिव गुरु गुणगान शुरू होगा।

मौके पर सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि सनातन धर्म सभा बहुत जल्द ही भारत के अन्य प्रदेशों में भी सनातन धर्म सभा कमेटी गठन करेगी तथा सभी जगह पर धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगी धर्म कार्य में आगे आने वाले लोगों को सनातन धर्म सभा की ओर से हमेशा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने श्रावणी महोत्सव में लगे सभी कार्यकर्ताओं को सफल आयोजन के लिए आभार प्रकट किया है। इस कार्यक्रम में थाना के पदाधिकारी सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर सनातन धर्म सभा की ओर से सम्मानित भी किया गया।

मौके पर उपाध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी, राजू राय, आंनद कुमार, सत्यम कुमार, विधायक प्रतिनिधि लाल प्रसाद यादव, संजय चंद्रवंशी, पवन सोनी, पवन सोनी, सुदर्शन सोनी, योगेंद्र प्रसाद सोनी, मुनेंद्र नाथ दुबे, संजय प्रजापति, छोटेलाल सोनी, सहायक अवर निरीक्षक अभय त्रिपाठी, बिट्टू यादव, रंजीत साहू, परमानंद पाल, महावीर साहू, गोविंद यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय कमेटी के वीरेंद्र कुमार ने किया।

## डॉक्टर स्नेहांशु साहा और यश किंगर प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट बने



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिवसीय थर्ड रांची ओपन स्नूकर टूर्नामेंट गेमर्स गैरेज, बरियातू में खेले जा रहे टूनार्मेंट का आज समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में मास्टर स्नूकर के विजेता यश किंगर उपविजेता कशिश (हजारीबाग), स्नूकर 6 रेड स्नूकर में विजेता डॉक्टर स्नेहांशु साहा (हजारीबाग), यश किंगर उपविजेता, मिनी स्नूकर विजेता डॉक्टर स्नेहांशु साहा, उपविजेता कशिश, मिनी 6 सिक्स रेड विजेता प्रतीक लाल, उपविजेता चाहत और 9 बॉल्स के विजेता डॉक्टर स्नेहांशु साहा उपविजेता यश किंगर और तृतीय स्थान पर नीरज सिंह रहे। मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉक्टर मोहम्मद जाकिर और सबसे सीनियर खिलाड़ी विनोद कुमार उपाध्याय ने विजेताओं और उपविजेताओं को कैश और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किये। इस अवसर पर इंद्र, टीपू, जॉनसन, तनवीर, ऋग सेन गुप्ता, नील, नीरज, नितेश, मेजर, एजाज, आयुष राज, सुमित, सिद्धार्थ लाल सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

## विद्या मंदिर जपला में प्रतिभाओं को मिला सम्मान

**राष्ट्रीय खेल दिवस पर याद किये गये मेजर ध्यानचंद, आयोजित हुईं खेल प्रतियोगिताएं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, वरिष्ठ आचार्य मृत्युंजय प्रसाद, शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव ने संयुक्त रूप से मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण



कर किया। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा सप्तम से दशम तक के भैया- बहन सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, खो-खो आदि खेल का आयोजन हुआ। इसमें भैया-बहनों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल व्यक्ति के विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खेलने की जरूरत पर भी बल दिया। ऐसे महान खिलाड़ी से युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। बच्चों को खेल-खेल में पढ़ायें और आगे बढ़ाएं। प्रतिभागियों में विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शारीरिक आचार्य अभिषेक पाठक, दीपक पांडेय, धर्मेंद्र कुमार, जयनारायण सिंह, छाया कुमारी, सुनील पासवान सहित सभी आचार्य-दीदी जी का सराहनीय योगदान रहा।

## लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 13,14 और 16 में सोना सोबरन योजना के तहत लाभुको के बीच धोती साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। वार्ड 16 में डीलर सुषमा देवी के जन वितरण प्रणाली दुकान पर कार्डधारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी का वितरण विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय,सतर्कता एवं निगरानी समिति अध्यक्ष सह निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी व समाजसेवी विजय कुमार रवि ने संयुक्त रूप से किया। वही वार्ड 14 में डीलर मंजू देवी के जनवितरण प्रणाली दुकान पर लाभुको के बीच धोती साड़ी और लुंगी का वितरण निवर्तमान वार्ड पार्षद कमता प्रसाद व समाजसेवी राजू राम ने संयुक्त रूप से किया। तथा वार्ड 13 में डीलर इदरीश अंसारी व सुरेश यादव के जनवितरण प्रणाली दुकान पर कार्डधारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी का वितरण निवर्तमान वार्ड पार्षद अजय कुमार रवि ने किया। इधर डीलर मलिक आरा के जनवितरण प्रणाली दुकान पर धोती साड़ी व लुंगी का वितरण निवर्तमान वर्ड पार्षद तारा देवी, समाजसेवी कृष्णकांत यादव उर्फ मुन्ना यादव और राजद नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से के किया।

## न्यूज रील्स

### बसपा से निकाले गये इमरान मसूद, कांग्रेस में जाने की अटकल

सहारनपुर। कद्दावर नेता इमरान मसूद को बसपा से निष्कासित कर दिया गया है। मायावती के निर्देश पर जिला अध्यक्ष ने निष्कासन पत्र जारी किया है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जम कर तारीफ कर उन्हें राजनीति में देश का हीरो बताया था। जिला अध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद में बताया कि इमरान मसूद को पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने और पार्टी विरोधी गतिविधि में लिप्त होने के कारण पार्टी से निष्कासन किया गया है।

### दिल्ली में जी 20 समिट से पहले लंगूर के कटआउट लगे

नयी दिल्ली। दिल्ली में 9-10 सितंबर को जी-20 समिट की बैठक होगी। इसमें कई ग्लोबल लीडर्स शामिल होनेवाले हैं। इस दौरान बंदरों को दूर रखने के लिए लंगूर के कटआउट लगाये गये हैं। हर कटआउट के साथ एक व्यक्ति को तैनात किया गया है, जो लंगूर की आवाज निकालने में माहिर है। दिल्ली में बंदरों की आबादी बहुत ज्यादा है। रिहायशी इलाकों के अलावा दफ्तरों और ऐतिहासिक स्थलों पर भी बंदर खुलेआम नजर आते हैं। आय दिन आम लोग इनके हमले का शिकार होते हैं। इस से बचाव के लिए जी-20 समिट में यह तैयारी की गयी है।

## ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपना 15वां स्थापना दिवस मनाया

# सफलता के लिए छात्रों को विकास के तीन एस, यानी कौशल, पैमाने और गति प्राप्त करने की जरूरत: धर्मेंद्र प्रधान

- विश्वविद्यालय का हर छात्र देश का अकादमिक नेता होगा : प्रो चक्रधर त्रिपाठी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय का 15वां स्थापना दिवस आज कोरापुट के लांडीगुडा परिसर में मनाया गया। धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री, भारत सरकार, सारस्वत अतिथि थे। एमबी भागलपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर विभाष चंद्र झा ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्थापना दिवस संबोधन दिया। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति और वित्त अधिकारी प्रोफेसर एनसी पांडा ने स्वागत भाषण दिया। विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर प्रशांत मेश्राम थे।

मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वर्चुअल माध्यम से सभा को संबोधित किया और भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुसंधान और विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने चंद्रयान-3 के सफल मिशन पर सभी को बधाई दी और भारत में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने 3एस - स्किल, स्केल, और स्पीड (विकास कौशल, पैमाने और गति) पर जोर दिया।

कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने अध्यक्षीय भाषण दिया और 14 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने विश्वविद्यालय की स्थापना के 14 वर्षों की उपलब्धियों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा 2020 के तहत विश्वविद्यालय सफलता के नए मार्ग पर चलेगा। एनइपी 2020 के अनुसार उन्होंने छात्रों से नौकरियों की तलाश नहीं करने का आग्रह किया, बल्कि नौकरी प्रदाता बनने का आग्रह किया और उम्मीद जताई कि हर छात्र देश का अकादमिक नेता होगा। भागलपुर के टीएमबी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो विभाष चंद्र झा 'राष्ट्र निर्माण प्रक्रियाओं में सीयूओ की भूमिका' विषय पर स्थापना दिवस पर अभिभासन दिया। अपने भाषण में, उन्होंने स्थानीय से वैश्विक और स्थानीय के लिए मुखर की आवश्यकता पर जोर दिया।

विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति एवं वित्त अधिकारी प्रो एनसी पांडा ने अपने स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रुद्राणी मोहंती ने धन्यवाद ज्ञापन कियास जबकि एसोसिएट प्रोफेसर डॉ निर्झरिणी त्रिपाठी ने बैठक का समन्वय किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय ने 'विज्ञान और संस्कृति' पत्रिका के दो विशेष संस्करण जारी किए, जिन्हें सीयूओ के अकादमिक सलाहकार प्रोफेसर सुधेंदु मंडल द्वारा संपादित किया गया था। प्रो चक्रधर त्रिपाठी, विस्वविद्यलय के कुलपति जर्नल के अतिथि संपादक हैं।

# खेल संस्कृति को बढ़ावा देता है वेदांता एल्युमीनियम



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने अपने परिचालन में 'साइक्लोथॉन' और इनडोर गेम्स टूर्नामेंट जैसे कई खेल कार्यक्रम आयोजित किये। कंपनी ने ओड़िशा में अपने संचालन के दौरान अपने कर्मचारियों और समुदाय के सदस्यों के लिए लांजीगढ़ में अपनी विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी और झारसुगुड़ा में अपने मेगा एल्यूमीनियम स्मेल्टर में कई खेल कार्यक्रम आयोजित किये। झारसुगुड़ा में मारवाड़ी युवा मंच के सहयोग से एक उत्साही 'साइक्लोथॉन' का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन झारसुगुड़ा विधान सभा सदस्य दीपाली दास और सुनील कुमार सत्या, सीइओ - पावर, वेदांता लिमिटेड - एल्युमीनियम बिजनेस ने किया, जिसमें सैकड़ों समुदाय के लोग शामिल हुए। लांजीगढ़ रिफाइनरी की खेल समिति ने कर्मचारियों के लिए एक इनडोर गेम टूर्नामेंट 'स्पर्धा-2023' का आयोजन किया, जहां उन्होंने शतरंज, टेबल टेनिस और कैरम जैसे खेलों में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कंपनी की माइंस वर्टिकल सुंदरगढ़ जिले में अंतर-स्कूल खेल प्रतियोगिता भी आयोजित करेगी। कंपनी झारसुगुड़ा में स्थानीय हॉकी प्रतिभाओं का पोषण कर रही है और हाल ही में संपन्न पुरुष एफआइएच हॉकी विश्व कप 2023 से पहले जिला हॉकी चैंपियनशिप और एक मैत्रीपूर्ण हॉकी टूर्नामेंट जैसे कई टूर्नामेंट आयोजित किये हैं। इसके अलावा, कंपनी ने नये प्रशासनिक भवन के निर्माण को भी प्रायोजित किया है। लांजीगढ़ में कंपनी स्थानीय समुदायों के युवाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण उपकरण और प्रशिक्षण प्रदान करके जमीनी स्तर के खेलों का समर्थन करती है। वर्तमान में कंपनी एसएसडी हाई स्कूल, लांजीगढ़ में तीरंदाजी में 40 से अधिक छात्रों और कराटे में 60 छात्रों के प्रशिक्षण का समर्थन करती है। 2022 में कार्यक्रम के छात्रों ने 75 राज्य-स्तरीय और 15 राष्ट्रीय-स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया और विभिन्न टूर्नामेंटों में 35 से अधिक पदक जीते। इस अवसर पर वेदांता लिमिटेड-एल्युमीनियम बिजनेस के सीओओ सुनील गुप्ता ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम में हम मानते हैं कि खेल की परिवर्तनकारी शक्ति न केवल हमारे युवाओं के करियर को बल्कि उनके जीवन को भी आकार देती है। ओड़िशा में एक देश को भारत के कुछ शीर्ष फुटबॉल और हॉकी खिलाड़ी देने का उल्लेखनीय रिकॉर्ड। उसी विरासत को मजबूत करते हुए हम खेल के बुनियादी ढांचे का निर्माण करके स्थानीय युवाओं को सशक्त बना रहे हैं, जो खेल के मैदान से परे तक प्रतिबिंबित होती है। उन्हें देखकर खुशी होती है। अपने संबंधित खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करें और कई लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनें।

# एमसीएल आनंद विहार लेडीज क्लब ने सावन उत्सव मनाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** एमसीएल आनंद विहार लेडिज क्लब द्वारा रविवार को सावन उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एमसीएल जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष पद्मजा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी, जबकि जागृति महिला मंडल की उपाध्यक्ष अल्पना शुक्ला राव, सरिता पटेल, रश्मि बेहुरा एवं अंजलि बापट आदि विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। जागृति महिला मंडल और महिला सभा के पदाधिकारी भी उपस्थित थी, जिससे क्लब के सभी सदस्यों का उत्साह और खुशी बढ़ गयी। इस अवसर पर आनंद विहार लेडिज क्लब के सदस्यों ने सावन के मौसम से जुड़ी भावनाओं को पिरोते हुए गीत, नृत्य के साथ बडे ही मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मुख्य अतिथि जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष पद्मजा सिंह ने लेडिज क्लब की सदस्यों के प्रति अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन करने से एक-दूसरे के प्रति और पूरे कोल परिवार के प्रति अपनापन की भावना पनपती है। एमसीएल आनंद विहार लेडिज क्लब की कार्यकारिणी समिति एवं सदस्यों के सहयोग से सावन उत्सव संपन्न हुआ।

# मोबाइल पशुधन एंबुलेंस का शुभारंभ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर, अंगुल।** जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष नवीन जिंदल और जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल ने विशेष रूप से डिजाइन की गयी मोबाइल पशुधन एंबुलेंस को हरी झंडी दिखायी। मोबाइल एनिमल रिसोर्सेज एंबुलेंस अंगुल जिले में पशु संसाधनों के कल्याण के लिए समर्पित होगी। यह पहल पशुपालन क्षेत्र को मजबूत करने के साथ मौजूदा सरकारी पशुपालन प्रणाली को मजबूत करेगी। मोबाइल पशु चिकित्सा वैन पशु चिकित्सा विशेषज्ञों और अन्य पशु चिकित्सा पैरामेडिक्स की एक टीम द्वारा संचालित की जायेगी और जरूरतमंद जानवरों को उनके जीवन की गुणवत्ता के लिए मदद करेगी। इस अवसर पर नवीन जिंदल ने खुलासा किया कि जेएसपी फाउंडेशन पशु कल्याण सहित कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल की एक विस्तृत श्रृंखला चला रही है। जेएसपी फाउंडेशन अपनी स्थापना के बाद से ही ग्रामीण कृषक परिवारों के आर्थिक उत्थान के लिए समर्पित है और इस नई पहल के माध्यम से, यह कृषि आधारित आजीविका पहल जैसे मवेशी पालन, बकरी पालन, भेड़ पालन और मुर्गी पालन आदि का भरपूर समर्थन करेगा। यह जिंदल पशु सेवाएं एंबुलेंस पशुधन की नियमित स्वास्थ्य जांच और आवश्यक चिकित्सा उपचार प्रदान करेगी। इस अवसर पर शालू जिंदल ने कहा कि अपने वैदिक दर्शन के अनुरूप हम वसुधैव कुटुंबकम में विश्वास करते हैं। इसलिए हम अपनी सामाजिक जिम्मेदारी संपूर्ण जैव विविधता की रक्षा और पोषण पर केंद्रित करते हैं, जिसमें पेड़ और जानवर महत्वपूर्ण घटक हैं। इस कार्यक्रम में अंगुल जिले के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी निरोद कुमार दास, सह-निदेशक पशु कल्याण प्रताप कुमार पटनायक, जेएसपी के वरिष्ठ अधिकारी जैसे अंगुल प्लांट हेड और कार्यकारी निदेशक हृदयेश्वर झा, रॉ मटेरियल हेड आशीष पांडे, ग्रुप हेड सीएसआर-एजुकेशन, प्रशांत कुमार होता उपस्थित थे।

## नुआपड़ा में डीजीपी की माओ समीक्षा सीमावर्ती इलाकों में खुलेंगे चार कैंप



**भुवनेश्वर, नुआपड़ा (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के पुलिस महानिदेशक सुनील बंसल नुआपड़ा के दौरे पर है। सुनाबेड़ा अभयारण्य के अंदर नये कैंप के देखा और माओ की गतिविधियों की समीक्षा की। छत्तीसगढ़ में सोमवार को एक बड़ी बैठक हुई, क्योंकि पड़ोसी राज्य में चुनाव होने वाले है। उन्होंने सीमा क्षेत्र में चार नये कैंप स्थापित करने की जानकारी दी है। उन्होंने माओवादियों से हिंसा छोड़ कर मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान करते हुए चेतावनी दी कि हिंसा करनेवालों को बख्शा नहीं जायेगा।

## चुनाव आयोग 13 को जिलाधिकारियों से बात करेगा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य में समय से पहले चुनाव कराने की चर्चाओं के बीच भारतीय चुनाव आयोग ओड़िशा का दौरा कर रहे है। अधिकारी 13 सितंबर को राज्य का दौरा करेंगे और सभी जिलों के कलेक्टरों के साथ बातचीत करेंगे। यह जानकारी मंगलवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज धल ने दी। उन्होंने कहा कि अधिकारी ओडिशा प्राइमरी चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। फिलहाल नौ जिलों के लिए जरूरी ईवीएम और वीवीपैट आ चुके हैं। अक्टूबर में सभी की जांच होगी। उन्होंने कहा कि यह सामान्य प्रक्रिया है।

## यशोदा देवी को विजयी बनाने की अपील



सभा को संबोधित करते रघुवर दास और मंच पर बैठे लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** डुमरी विधान सभा में उपचुनाव को लेकर जनसभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, झारखंड भाजपा प्रभारी सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई, पूर्व आइजी एवं भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, महादेव दुबे, आदित्य साहू, यशोदा देवी, नागेंद्र महतो अमित तिवारी एवं एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के लिए जनता से भारी से भारी मतों से विजय बनाने की अपील की गयी। इस मौके पर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि यहां की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी है।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**